मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 137
भोपाल, शनिवार
12 जुलाई 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.



पुण्य स्नान कर सीएम ने सपत्नीक बाबा महाकाल के किए दर्शन

## एमपी के युवाओं को मिलेगा रोजगार वादों को पूरा करने सरकार प्रतिबद्ध

भोपाल/उज्जैन ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज श्रावण के पवित्र माह के दूसरे दिन उज्जैन में सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर भस्मारती में शामिल हुए। भस्मारती के बाद उन्होंने सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल का पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंह घाट पर स्नान कर पूजन-अर्चन भी किया।

उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि बाबा श्री महाकाल की कृपा से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश देश के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रगति कर समृद्धि की और अग्रसर है। 11 जुलाई को इंदौर में आयोजित इन्वेस्टर समिट में प्राप्त निवेश से प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। युवाओं को स्कूल एवं कॉलेज में विश्व स्तरीय रोजगार मूलक पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जा रही है। युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जा रहे है। प्रमोशन के माध्यम से प्रदेश के 5 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को फायदा होगा।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा की प्रदेश में सभी क्षेत्रों में समान रूप से निवेश आकर्षित कर युवाओं को रोजगार के समान अवसर दिए जा रहे है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कावड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के साथ, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी देवस्थानों में उचित प्रबंधन किए गए हैं। सरकार सर्वजन हिताय के ध्येय को आत्मसात कर कार्य कर रही है।

उज्जैन के ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## सीएम ने लाड़ली बहनों के खातों में जारी की 26वीं किस्त

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के लिए आज एक बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 26वीं किश्त की राशि लाभार्थी महिलाओं के खातों में ट्रांसफर की। इस बार प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 1250 रुपये की निर्धारित राशि के साथ-साथ रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपये का अतिरिक्त शगुन भी भेजा गया। यानी, कुल 1500 रुपये की राशि बहनों के खातों में जमा हुई।

इसके अलावा, सीएम डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना के तहत भी लाभार्थियों के खातों में राशि अंतरित किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को जुलाई माह की पेंशन राशि, जबकि सिलेंडर रिफिलिंग योजना के तहत 26 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### इस बार सगुन के साथ 1500 रुपए जमा हुई राशि



लाड़ली बहना योजना, जो जून 2023 में शुरू हुई थी, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक इस योजना के तहत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों को हस्तांतरित की जा चुकी है। साथ ही, अगस्त 2023 और 2024 में रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपये की विशेष सहायता राशि भी दी गई थी।

### अक्टूबर 2025 से 1500 मिलेंगे

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि अक्टूबर 2025 से लाड़ली बहना योजना के तहत मासिक राशि को बढ़ाकर 1500 रुपये किया जाएगा, और 2028 तक इसे 3000 रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। यह योजना मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल साबित हो रही है।

उज्जैन में भीषण सड़क हादसा



## बस और ऑटो में सीधी भिड़ंत, दो की मौत

उज्जैन ■ अमृत दर्शन

तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। उज्जैन जिलेमें ऑटो सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों में ऑटो चालक भी शामिल है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। हादसा शहर के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां बस और ऑटो में सीधी भिड़ंत हो गई। मौके पर ऑटो चालक और सवार एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। नशे में ऑटो चलाने के कारण यह हादसा हुआ है। बताया जाता है कि रॉयल ट्रेवल्स की बस उज्जैन से इंदौर की ओर जा रही थी, तभी ऑटो चालक शराब के नशे में ऑटो लहराते हुए चल रहा था। बस में बैठी सवारी को बचाने के लिए बस चालक का संतुलन बिगड़ा और ऑटो से टकरा गया जिससे ऑटो चालक और सवारी की मौत हो गई। हादसे के बाद वहां पर जाम लग गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवा कर आवागमन को बहाल किया।

अहमदाबाद विमान हादसे पर एएआईबी की शुरुआती रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# उड़ान के 3 सेकेंड बाद बंद हुई ईंधन की आपूर्ति, 29 सेकेंड में विमान क्रैश

*कॉकपिट की रिकॉर्डिंग में पता चला कि एक पायलट ने पूछा कि कटऑफ क्यों किया? जवाब में दूसरे पायलट ने कहा कि मैंने नहीं किया। फिलहाल जांच जारी है।*

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान (एआई 171) 12 जून को जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने लगा तो केवल तीन सेकेंड बाद ही ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। टेकऑफ के बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद होते ही केवल 29 सेकेंड बाद विमान मेघाणीनगर में क्रैश हो गया।

एएआईबी की रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ के समय ईंधन सप्लाई बंद होते ही इंजनों की पंखे की गति कम होने लगी थी। 213.4 टन वजन के साथ उड़ा विमान हवाई अड्डे की परिधि की दीवार पार करने से पहले ही नीचे आने लगा। इस समय विमान में 54,200 किलोग्राम फ्यूल था और टेक-ऑफ वजन 2,13,401 किलोग्राम रहा, जो अधिकतम अनुमत वजन 2,18,183 किलोग्राम से कम था। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट ने 180 नॉट्स की अधिकतम रफ्तार हासिल की और उसी दौरान दोनों इंजनों के फ्यूल कटऑफ स्विच रन से कटऑफ में बदल गए। इन दोनों स्विच में सिर्फ 1 सेकंड का अंतर था।



### कॉकपिट रिकॉर्डिंग में पायलट के बीच बातचीत का खुलासा

एएआईबी ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर का भी विश्लेषण किया है। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है, तुमने कटऑफ क्यों किया? जवाब मिलता है, मैंने नहीं किया। इससे अंदेशा है कि ये कटऑफ स्वचालित या तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ, जिसे अब गहराई से जांचा जा रहा है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि पायलटों ने दोनों इंजनों को फिर से शुरू करने की कोशिश की। लेकिन पर्याप्त गति नहीं पकड़ पाया।

### रखरखाव में कोई खामी नहीं मिली


विमान वीटी-एएनबी के मेंटेनेंस रिकॉर्ड की भी जांच की। इसमें पाया गया कि थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल 2019 और 2023 में बदला गया था, लेकिन इसका संबंध फ्यूल कटऑफ से नहीं था। फ्यूल स्विच को लेकर साल 2023 के बाद कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। एएआईबी ने बी 787-8 या इंजन ऑपरेटर्स के लिए कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की है। जांच आगे जारी है और अन्य तकनीकी दस्तावेजों की भी समीक्षा की जा रही है।

### रिपोर्ट का विश्लेषण कर रहा मंत्रालय- नायडू

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि ये एक शुरुआती जांच रिपोर्ट पर है और एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई भी आधिकारिक निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। यह रिपोर्ट फिलहाल प्रारंभिक स्तर की है और मंत्रालय इसमें सामने आई बातों का विश्लेषण कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की ओर से हम इसका गहराई से विश्लेषण कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है और हम उन्हें हर संभव सहयोग दे रहे हैं।

भोपाल में 40 करोड़ रुपए से बनेगा एक्वा पार्क, सीएम ने किया भूमिपूजन

## भदभदा रोड पर रंगबिरंगी मछलियों की बसेगी दुनिया



**भोपाल।** उज्जैन में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने राजधानी में एक्वा पार्क का वीसी के जरिए भूमिपूजन किया। भदभदा रोड में मछलियों की नई दुनिया बसेगी। 40 करोड़ रुपए में तैयार होने वाले एक्वा पार्क में डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल, 3डी इंटरेक्टिव जोन भी होंगे।

**डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल-3डी इंटरेक्टिव जोन**

केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। वहीं, प्रदेश सरकार 15 करोड़ रुपए दे रही है। इस तरह 40 करोड़ रुपए का यह बड़ा प्रोजेक्ट रहेगा। एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा, बल्कि बच्चों के लिए रोमांच, शिक्षा, शोध और कौतूहल का नया केंद्र भी बनेगा। एक्वा पार्क में समुद्री और मीठे पानी की मछलियों की सैकड़ों प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इसमें डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल, 3ष्ठ इंटरेक्टिव जोन, बच्चों के लिए सी-लाइफ लर्निंग सेंटर, रिसर्च सेंटर (मछली पालन की पारंपरिक और नवीन तकनीक की डेमोस्ट्रेशन यूनिट), मत्स्य सेवा केंद्र होंगे। इस पार्क में आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट और इन्क्यूबेशन सेंटर, कैफेटेरिया (रंगीन मछलियों का प्रदर्शन और मछली से जुड़े गिफ्ट आइटम) एवं पर्यावरण शिक्षा और संरक्षण जैसे कार्यक्रम भी उपलब्ध होंगे।

## अंतर्मना उवाच



सिंहनिष्क्रीडित व्रतकर्ता, अन्तर्मना आचार्यश्री 108 प्रसन्नसागरजी महाराज की तरुण सागरम तीर्थ पर निरंतर नो दिन की निर्जला उपवास के पश्चात संपन्न हुई भव्य महापारणा

***जागती हुई चींटी की शक्ति, सोते हुये हाथी से ज्यादा होती है.. मन के संकल्प की शक्ति, हजार हाथियों से बढ़कर होती है.. और हिम्मत हारने वालों की शक्ति, चींटी से भी कम हो जाती है..!***

*मनुष्य की सभी शक्तियां मन के संकल्प पर निर्भर करती है। इसलिए* ***मैं कहता हूं - कर लो दृढ़ संकल्प, देवता चरण पखारेंगे।*** *मन के संकल्प की अद्भुत संभावनाएं है। जो लोग जिंदगी में हारते हैं, उसमें उनकी परिस्थितियां कम होती है, क्योंकि उनके मन को हारने की स्वीकृति ज्यादा होती है। जो लोग जिंदगी में असफल होते चले जाते हैं, उनकी असफलताओं में संसार बहुत कम साथ देता है और उनके सहयोग में बहुत कम हाथ बंटाता है।* ***100 में से 90 फ़ीसदी आदमी मन से हारने को तैयार है, तो 10 फ़ीसदी लोग उनका साथ देने को तैयार हो जाते हैं।***

*आज की दुनिया में जो लोग जीतते चले जाते हैं, उनका भी नियम वही है और जो लोग हारते चले जाते हैं, उनका भी नियम वही है। जो लोग स्वस्थ है, उनके लिए भी नियम वही है और जो अस्वस्थ है, उनके लिए भी नियम वही है। इस जिंदगी में जो लोग शांत है, उनके लिये भी वही नियम है और जो अशांत हैं, उनके लिए भी वही नियम है।* ***आप क्या होना चाहते हैं..!*** *बहुत गहरे अर्थ में आप वही हो जाते हैं जो होना चाहते हैं।*

***विचार वस्तुएं बन जाती है, विचार घटनाएं बन जाती है, और विचार व्यक्तित्व बन जाते हैं...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

एक हफ्ते से चल रहा था इलाज

## कूनो में चीता नभा की मौत चोट से घायल हुई थी

श्योपुर ■ अमृत दर्शन

नामीबिया से श्योपुर के कूनो लाई गई 8 साल की मादा चीता नभा की शनिवार (12 जुलाई) को मौत हो गई। वन विभाग के अनुसार नभा एक हफ्ते पहले अपने सॉफ्ट रिलीज बोमा में घायल मिली थी। शिकार के दौरान चोटिल हुई नभा के बाएं पैरों में फ्रैक्चर था। एक सप्ताह तक डॉक्टरों की एक्सपर्ट टीम ने उसका इलाज किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा। नभा की मौत के बाद कूनो में अब 26 चीते बचे हैं। इनमें 9 वयस्क चीते हैं, जिनमें 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। साथ ही 17 भारत में जन्मे शावक भी हैं। वन विभाग के मुताबिक सभी चीते स्वस्थ हैं। वर्तमान में 16 चीते खुले जंगल में स्वतंत्र रूप से घूम रहे हैं। ये नियमित रूप से शिकार कर रहे हैं।



## कोलकाता आईआईएम के हॉस्टल में लड़की के साथ रेप

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पश्चिम बंगाल के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है। ऐसा आरोप लगा है एक सेकेंड ईयर की लड़की के साथ बॉयज हॉस्टल में रेप किया गया। इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है और एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी किया है। अपनी शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि काउंसलिंग सेशन के नाम पर उसे बॉयज हॉस्टल में बुलाया गया था। वहां पर फिर उसे कुछ चीज खाने की दी गई और पीने के लिए ड्रिंक भी मिली। उसके बाद वो बेहोश हो गई और जब होश में आई तो उसने खुद को हॉस्टल में पाया और उसे पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। लेकिन बिना घबराए पीड़िता ने पास के ही पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई।



आज देशभर के 47 शहरों में रोजगार मेले का आयोजन

## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची हो रही भर्ती

नई दिल्ली ■ एजेंसी

देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र है.. बिना पर्ची, बिना खर्ची।



युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश की रक्षा करेंगे, कुछ सबका साथ, सबका विकास के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा।

एनएसए डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिया था बयान

# तिलमिलाया पाकिस्तान, बोला- संघर्ष का महिमामंडन ठीक नहीं

### डोभाल बोले- पाकिस्तान में घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर पर एनएसए अजीत डोभाल के बयान से तिलमिलाए पाकिस्तान ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्थायी शांति का रास्ता बातचीत और आपसी सम्मान में निहित है। चेन्नई में एक कार्यक्रम में एनएसए अजीत डोभाल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया और विदेशी मीडिया को चुनौती दी कि वह किसी भी भारतीय संरचना को हुए नुकसान की एक भी तस्वीर दिखाए, यहां तक कि कांच का टुकड़ा भी तोड़ा गया हो। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने दावा किया कि भारतीय एनएसए की टिप्पणियां तोड़-मरोड़ कर और गलत बयानी से भरी हैं। वे न केवल जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि जानबूझकर गलत बयान दे रहे हैं, जो जिम्मेदार शासन के मानदंडों का उल्लंघन है।



उन्होंने कहा कि संघर्ष का महिमामंडन किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है। स्थायी शांति का मार्ग संवाद, आपसी सम्मान और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन में निहित है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आगामी एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेगा, लेकिन भारतीय पक्ष के साथ हमारी कोई बैठक की योजना नहीं है।

### ऐसा एक फोटो दिखाएं, जिसमें भारत का नुकसान नजर आए

डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के लिए विदेशी मीडिया की कड़ी आलोचना की और उन्हें पाकिस्तानी हमलों से भारतीय बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का सुबूत पेश करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा-विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने ऐसा किया, वैसा किया। आप मुझे एक भी फोटो, एक भी तस्वीर दिखाइए, जिसमें किसी भारतीय बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा हो। यहां तक कि किसी शीशे को भी तोड़ा गया हो। तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में सिर्फ पाकिस्तान के 13 एयरबेस ही दिखाई दिए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला हो। मैं आपको केवल वही बता रहा हूं, जो विदेशी मीडिया ने तस्वीरों के आधार पर प्रस्तुत किया।

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में नियुक्ति को लेकर भड़के केंद्रीय मंत्री

## गैर-हिन्दुओं को तुरंत हटाओ यह आस्था का सवाल है

**तिरुमला।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में गैर-हिन्दुओं की नियुक्ति पर सख्त आपत्ति जताई है। अपने जन्मदिन के मौके पर तिरुमला मंदिर में दर्शन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह बयान दिया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने सवाल उठाया कि जो भगवान पर विश्वास नहीं रखते हैं, उन्हें मंदिर में नौकरी क्यों दी जा रही है।? उन्होंने प्रशासन से तत्काल गैर-हिन्दुओं को हटाने की मांग की है। बंदी संजय कुमार ने कहा, टीटीडी एक पवित्र हिन्दू धार्मिक संस्था है और यहां सिर्फ उन्हीं को काम पर रखना चाहिए जो हिन्दू धर्म में विश्वास रखते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### डबरा से स्कॉर्पियो चोरी कर भागे बदमाश, हाइवे पर घेरा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के डबरा से गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात 2 बजे चोरी गई एक स्कॉर्पियो को पुलिस ने आगरा-मुम्बई नेशनल हाइवे पर पनिहार के पास से बरामद किया है। इसके लिए पुलिस ने डबरा से ग्वालियर तक करीब 40 किलोमीटर में बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान करीब 18 घंटे बदमाश शहर में ही घूमते रहे। शुक्रवार रात 8 बजे के लगभग पुलिस ने बदमाशों को पनिहार हाइवे पर घेर लिया, लेकिन बदमाश चोरी की कार को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गए। पुलिस ने कार को निगरानी में लेकर पनिहार-घाटीगांव के जंगल में बदमाशों की सर्चिंग शुरू कर दी है। पनिहार थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि डबरा निवासी अवतार सिंह रावत की काले रंग की स्कॉर्पियो गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात 2 बजे घर के बाहर से चोरी हो गई। वारदात के कुछ देर बाद ही अवतार सिंह की नींद खुल गई। उन्हें बाहर गाड़ी नहीं दिखी तो पुलिस को सूचना दी। चोरी का पता चलते ही शहर और देहात के साथ हाइवे पर चेकिंग लगाई गई।

### जीएनएम कोर्स के नियमों को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश मातृ मृत्यु दर में देश में अव्वल रहा है। लिहाजा मध्य प्रदेश सरकार ने मृत्यु दर कम करने के प्रयासों के चलते जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) पद पर भर्ती के नियम 2024 में बदलाव कर दिया है। इस पद के लिए अब बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं कक्षा पास करना अनिवार्य है। हरदा के लाल बहादुर शास्त्री व्यवसायिक अध्ययन महाविद्यालय और 39 अन्य ने इस नियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने नियमों को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में तर्क रखा कि नियमों में बदलाव कर बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं कक्षा पास करने की अनिवार्यता से जीएनएम कोर्स के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इस कोर्स में इस वर्ष महज 139 सीटें भरी हैं और 8388 अभी भी खाली हैं। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि सरकार को नियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि खाली सीटों पर उम्मीदवारों को प्रवेश मिल सके।

### जंगल माफिया लाखा के दो बेटे करण और करताप जिलाबदर

**खंडवा।** खंडवा जिले में जंगल कटाई और अतिक्रमण में सक्रिय रहे कुख्यात अतिक्रमणकारी लाखा के दो बेटों करण और करताप के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। दोनों बेटों पर जंगल में अतिक्रमण के साथ-साथ प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान पुलिस और वन अमले पर पथराव करने के आरोप हैं। कलेक्टर ने दोनों को एक-एक साल के लिए जिले से बाहर कर दिया है। लाखा, जो खुद भी पूर्व में जिलाबदर हो चुका है और जेल जा चुका है, अब उम्रदराज हो चुका है। उसकी दो पत्नियां और 12 बेटे हैं, जो नवाड़ (जंगल की कटाई और कब्जा) के काम में सक्रिय हैं। कार्रवाई के दौरान कई बार इन लोगों को लट्ठ और गोफन के साथ विरोध करते हुए देखा गया है। खंडवा के गुड़ी रेंज में लॉकडाउन के दौरान करीब 10 हजार एकड़ जंगल पर अतिक्रमण कर खेत बना दिए गए थे। मई-जून 2025 में वन विभाग ने जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की थी।

## शहडोल में बारिश का तांडव- एसडीआरएफ ने बचाई जान

# कच्चा मकान गिरने से पुजारी की मौत, पानी भरने से घर में फंसे लोग

शहडोल ■ निसं

बाणसागर डैम का जल स्तर 339.6 मीटर तक पहुंच गया है, जिससे शनिवार दोपहर 12 बजे तीन गेट खोलकर 2500 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाएगा। लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और प्रशासन अलर्ट पर है।



ब्यौहारी क्षेत्र में शुक्रवार शाम बारिश का तांडव देखने को मिला। नदी उफान में आ जाने से एक घर के चारों तरफ जल भराव हो गया। एक परिवार घर के अंदर ही फंस गया। किसी तरह पुलिस तक सूचना पहुंची तो पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम ने चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद परिवार के 6 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया। वहीं ब्यौहारी से पपौंध मार्ग कल शाम 6 बजे से बंद है। देवलौंद में तेज बारिश की वजह से कच्चा महान गिर गया, जिसके नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। बाणसागर डैम के तीन गेट आज 12:00 बजे खोले जाएंगे। जिले में बारिश का दौर लगातार जारी है। तेज बारिश से नदी नाले उफान में हैं। कच्चे मकान बारिश की वजह से गिर रहे हैं, तो कई मार्ग भी बंद हैं।

**घर में फंसे लोगों को एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू:** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के सुखा गांव में झारप नदी शुक्रवार रात 8 बजे से उफान में आ गई। नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी। वहीं राम सुमन कुशवाहा का घर नदी के किनारे है। नदी का पानी घर के चारों तरफ भर गया, जिससे खेत और घर में 6 फीट तक जल भराव हो गया। कुशवाहा परिवार के छह सदस्य घर के ऊंचे स्थान पर जाकर बैठ गए और पुलिस की डायल हंड्रेड को मामले की जानकारी दी। पुलिस की डायल हंड्रेड को इवेंट आया कि हमारे घर में चारों तरफ पानी भर गया है और हम सभी लोग अंदर फंसे हुए हैं। घर के अंदर 6 फीट तक पानी भर गया है।

जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अरुण पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी एसडीआरएफ टीम को दी गई, जानकारी के बाद शहडोल से एसडीआरएफ दल मौके के लिए रवाना हुआ। चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद परिवार के सदस्यों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान में लाया गया। थाना प्रभारी अरुण पांडे ब्यौहारी ने बताया कि परिवार में 6 लोग घर के अंदर फंसे थे। चारों तरफ जल भराव हो गया था। सूचना के बाद हमने रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया और रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया है।

### लगातार हो रही बारिश की वजह से कच्चा मकान गिरा

देवलौंद थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश की वजह से कच्चा मकान गिर गया, जिसके नीचे दबने से रामधनी बैस पिता राम भरोसे उम्र 80 वर्ष निवासी चौकी टोला बुढ़वा की मलवे में दबने से मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि रामधनी शिव बाबा मंदिर में पुजारी थे और रात्रि में हुई बारिश के कारण उनका कच्चा मकान गिर गया। घटना उस समय घटी जब वह अकेले घर के अंदर सो रहे थे। सुबह जब लोगों ने पुजारी के मकान को गिरा देखा, तब जाकर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मलबे को हटाया तो रामधनी का शव पुलिस को मिला है। पुलिस के मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आज बाणसागर डैम के खोले जाएंगे तीन गेट

जिले में बीते एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश से नदी नाले ऊफान पर है। नदियों और तालाबों को जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। बाणसागर बांध का जल स्तर शुक्रवार की रात तक 339.6 मीटर तक पहुंच गया है। जल की आवक दर 1791 क्यूमेक्स बताया गया है। बांध के लगातार बढ़ते जल स्तर से कैचमेंट एरिया में तक पानी पहुंच जाने से विभाग अब तीन गेट खोलने की तैयारी कर रहा है। मुख्य अभियंता गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा ने बाणसागर बांध के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से बांध के रेडियल तीन गेट खोलकर 2500 क्यूमेक्स पानी छोड़ने निर्देशित किया है। मुख्य अभियंता के निर्देश के बाद अब बाणसागर प्रबंधन रेडियल गेट को खोलने की तैयारी में जुट गया है। प्रबंधन की माने तो शनिवार की दोपहर 12 बजे गेट खोला जाएगा और 2500 क्यूमेक्स जल प्रवाह किया जाएगा। जिले में बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है।

## कार से सागौन की तस्करी, वन अमले को आता देख कार छोड़कर फरार हुए तस्कर



सीहोर ■ निसं

तस्कर बगबाड़ा के पास कार छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग ने कार में रखी आठ नग सागौन सिल्लियां जब्त कर लीं, जिनकी कीमत करीब आठ हजार रुपये आंकी गई है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश जारी है।

सीहोर में सागौन बहुतायात में पाया जाता है। इसलिए सागौन तस्करों की जिले में हमेशा नजर रहती है। वन विभाग भी इन सागौन तस्करों के आगे कमतर ही साबित होगा है। ऐसा ही मामला बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले खटपुरा बीट के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी का मामला सामने आया। वन विभाग की टीम ने कार का पीछा किया तो तस्करों ने कार की स्पीड बढ़ा दी। वन अमले ने भी दिलेरी दिखाते हुए करीब 15 किमी तक पीछा किया, लेकिन अंततः तस्कर वाहन को रास्ते में खड़ा करने के बाद चकमा देखकर भाग निकले।

जानकारी के अनुसार अलसुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम खटपुरा के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी एक सफेद रंग की कार से की जा रही है। सूचना पर वन विभाग द्वारा एक टीम का गठन कर सर्चिंग अभियान चलाया गया। टीम को खटपुरा की मुख्य सड़क पर जंगल से आती हुई एक कार दिखी, जिसे घेराबंदी कर रोकना चाहा, लेकिन कार चालक वन विभाग की टीम को देखकर कार को बुधनी की तरफ तेज रफ्तार से ले गया।

### वन विभाग की टीम ने आरोपियों की पहचान की

बताया जा रहा है कि आरोपियों की पहचान भी वन विभाग की टीम द्वारा कर ली है और उनकी तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई से वन विभाग की तत्परता और प्रतिबद्धता का पता चलता है। वन विभाग का कहना है कि शीघ्र ही सागौन तस्करों को पकड़ लिया जाएगा। आरोपियों पर वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जब्त की गई सागौन सिल्लियों की अनुमानित कीमत आठ हजार रुपये बताई गई है। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान वन रक्षक रविंद पटेल, वन रक्षक आशुतोष पुरोहित, वनरक्षक अंकित यादव, वन रक्षक राकेश चौहान, सुरक्षा श्रमिक मोटू व सुरक्षा श्रमिक कमलेश की अहम भूमिका रही।

## टीकमगढ़ झांसी का सड़क संपर्क टूटा

# जान जोखिम में डालकर उफनाते नाले से वाहन निकाल रहे लोग

टीकमगढ़ ■ निसं

टीकमगढ़ जिले में पिछले 24 घंटे से मूसलाधार बारिश जारी है, जिसके चलते नदी नाले उफान पर हैं। टीकमगढ़ झांसी मार्ग पर पड़ने वाला ज्योरा सुबह 7:00 बजे से उफान पर है, जिसके चलते सड़क संपर्क टूट गया है, लेकिन कुछ लोग वाहन को उफनते नाले से निकाल अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। प्रशासन की ओर से वहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, स्थानीय लोग वाहन चालकों को समझा भी रहे हैं, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं हैं।



ज्योरा गांव के रहने वाले संदीप ने बताया कि पिछले 12 घंटे से हो रही लगातार बारिश के चलते शनिवार की सुबह 7:00 से ज्योरा नाला उफान पर है जिसमें टीकमगढ़ झांसी का सड़क संपर्क टूट गया है लेकिन नाले को कार चालक उफनते नाले को पार कर रहे हैं इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है संदीप का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए ना ही पुलिस का इंतजाम है और ना ही वेरीकेट्स लगाए गए हैं।

पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन यंत्री कहते हैं कि टीकमगढ़ झांसी सड़क मार्ग एमपीआरडीसी में आता है और एमपीआरडीसी के अधिकारी सागर में बैठते हैं उन्हें सूचना दे दी गई है। जल्दी वहां पर व्यवस्था कर दी जाएगी। वीडियो वायरल में आप देख सकते हैं कि एक कार चालक किस तरह रिस्क लेकर उफनते नाले को पार कर रहा है, जबकि ग्रामीण लगातार उसको समझा रहे हैं कि पानी उफान पर है इसको पर मत पार करिए, लेकिन कर चालक नहीं मानता है।

## सागर : नशे में हैवान बना पिता

# पहले पत्नी को पीटा, फिर बेटी पर चलाई कुल्हाड़ी; गर्दन और पेट पर किए वार

सागर ■ निसं

आरोपी रामबहार ने पत्नी से विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आई बेटी संध्या घोसी पर गर्दन, पेट और पैर पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नशे की हालत में इंसान कितना हैवान बन जाता है कि वह अपना पराया कुछ नहीं देखता। ऐसा ही एक हैवानियत भरा वाक्या सागर जिले से सामने आया, जहां नशे की हालत में एक पिता ने अपनी ही पुत्री पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सागर जिले के मालथौन थाना अंतर्गत ग्राम अंडेला में पिता ने नशे की हालत में अपनी ही 18 वर्ष की पुत्री पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। इस घटना की सूचना पर गांव पहुंचकर युवती को एंबुलेंस से मालथौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया।

घटनाक्रम की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मालथोन ने बताया कि अंडेला निवासी संध्या घोसी पर उसके पिता रामबहार ने नशे की हालत में किसी बात के चलते कुल्हाड़ी से लगातार वारकर लहूलुहान कर उसे गंभीर घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर किया गया है। घटना का कारण पति पत्नी का आपसी विवाद बताया गया है। आरोपी नशे की हालत में अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। इस दौरान वो अपना आपा खो बैठा और बीच बचाव कराने आई बेटी पर उसने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर दिया। पेट और पैर पर भी हमला किया। पुलिस मौके पर घटना के साक्ष्य जुटाने में लगी है।

# तीन साल पहले सड़क के लिए तोड़े मकान हो गए थे खतरनाक, निगम ने फिर तोड़ा

इंदौर ■ निसं

खतरनाक होने के कारण लोगों ने मकानों में रहना छोड़ दिया था, लेकिन खतरनाक हिस्से सड़क पर चल रहे लोगों पर गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता था। अफसरों ने मकान मालिकों को विश्वास में लिया और बचे हिस्से को तोड़ने के लिए उन्हें राजी कर लिया।



इंदौर में कान्ह नदी किनारे नई सड़क बनाने के लिए नगर निगम ने प्रेमसुख ब्रिज से गौतमपुरा ब्रिज तक आधा किलोमीटर की सड़क बनाई। इसके लिए सड़क चौड़ाई में बाधक बन रहे मकानों को तीन साल पहले हटाया गया था, लेकिन मकान मालिकों ने बचे मकानों की न तो मरम्मत की और न ही नया निर्माण किया। आधे टूटे मकान तीन साल बाद खतरनाक स्थिति में पहुंच गए थे। उनके गिरने से हादसा हो सकता था। इसके मद्देनजर नगर निगम की रिमूवल गैंग ने 18 निर्माणों को जमींदोज कर दिया।

खतरनाक होने के कारण लोगों ने मकानों में रहना छोड़ दिया था, लेकिन खतरनाक हिस्से सड़क पर चल रहे लोगों पर गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता था। अफसरों ने मकान मालिकों को विश्वास में लिया और बचे हिस्से को तोड़ने के लिए उन्हें राजी कर लिया। इसके बाद शनिवार सुबह नगर निगम की रिमूवल गैंग मौके पर पहुंची। पहले मार्ग के ट्रैफिक को रोका गया। दो घंटे के भीतर मकान तोड़ दिए गए। इस सड़क में एक मंदिर भी है, लेकिन नगर निगम ने उसे नहीं हटाया। मंदिर के आसपास के हिस्से को सुरक्षित किया गया है। मध्य क्षेत्र में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए नगर निगम कान्ह नदी के किनारे सड़क बना रहा है। 25 साल पहले संजयसेतू का निर्माण किया गया था। जिसका विस्तार तीन साल पहले गौतमपुरा ब्रिज किया गया।

### अजनास में 5 साल की बच्ची को सांप ने काटा, 10 मिनट बाद मौत

**हरदा।** हरदा के हंडिया थाना क्षेत्र के गांव अजनास में शुक्रवार रात सांप के काटने से एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची मजदूर रामकिशन कोरकू की बेटी दीपिका उर्फ कुप्पा थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे दीपिका घर में खेल रही थी, तभी उसे सांप ने काट लिया। बच्ची खेलते-खेलते सो गई। करीब एक घंटे बाद जब उसकी नींद खुली तो तबीयत बिगड़ने पर उसने बताया कि उसे सांप ने काटा है और सांप घर की दीवार की दरार में चला गया है। परिजन रात करीब तीन बजे बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया।

# मंदिर में सो रहे पुजारी को कोबरा सांप ने डसा, उपचार के दौरान मौत

ग्वालियर ■ निसं

जिले के कुरथरा गांव के शिव मंदिर के पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे ने सांप के डसे जाने के बाद खुद लोगों को जानकारी दी। उनको तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जिले के कुरथरा गांव में तड़के सुबह शिव मंदिर परिसर में सो रहे पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे को काले कोबरा ने डस लिया। पुजारी ने खुद ग्रामीणों को सूचना दी। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार सांप का जहर बेहद खतरनाक था, जिससे बचना मुश्किल था। घटना के बाद सांप



मंदिर परिसर की हवन कुंडी में छिप गया। सर्प मित्र जग्गू परिहार ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि ब्लैक कोबरा प्रजाति के सांप के काटने से बचने की संभावना बहुत कम होती है।

पुजारी की मौत से गांव में शोक है। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्मानंद बौहरे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में सांपों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। सुबह मंदिर में सो रहे पुजारी को जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद पुजारी ने खुद ही ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद पुजारी को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद मौके पर सर्पमित्र को बुलाया गया। मंदिर की हवन कुंडी में छिपकर बैठे सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छुड़वाया गया। जानकारी के मुताबिक पुजारी ब्रह्मानंद बौहरे हमेशा की तरह मंदिर परिसर में सो रहे थे। रात के वक्त अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया।

# झुंड से भटक कर गोदावल रेंज पहुंचे जंगली हाथियों का तांडव, घरों में मचाई तोड़फोड़

शहडोल ■ निसं

वन विभाग हाथी की निगरानी कर रहा है, वहीं नुकसान का पंचनामा तैयार कर राजस्व विभाग को सौंप दिया गया है। पर ग्रामीणों का आरोप है कि मुआवजा मिलने में देरी और राशि में कटौती होती है। लोग हाथी को रेस्क्यू कर बांधवगढ़ जंगल भेजने की मांग कर रहे हैं।



ब्यौहारी के वन परिक्षेत्र गोदावल में बीती रात एक जंगली हाथी ने तांडव मचाया। आधा दर्जन से अधिक घरों को नुकसान भी पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीमें लगातार हाथी की निगरानी तो कर रही हैं, लेकिन हुए नुकसान का मुआवजा बनाने में राजस्व लेट लतीफी कर रहा है। लोगों की मांग है कि इस जंगली हाथी को रेस्क्यू कर बांधवगढ़ जंगल में छोड़ा जाए। ब्यौहारी के गोदावल रेंज बांधवगढ़ जंगल से सटा हुआ है, जिसकी वजह से आए दिन यहां जंगली जानवरों का आना-जाना आम है। रेंजर ने बताया कि बांधवगढ़ जंगल में जंगली हाथियों का झुंड है, जिससे भटककर एक हाथी इस क्षेत्र में आ गया है। और उसने 6 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों की जानकारी के बाद हमने वन विभाग की टीमें मौके पर भेजी हैं, जो जंगली हाथी की निगरानी कर रही हैं। आसपास के गांव में मुनादी भी की गई है कि लोग सतर्क हो जाएं।

रेंजर गोदावल रजनीश त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि जिन घरों को हाथी ने नुकसान पहुंचा है, हम मौके पर पहुंच नुकसान हुए चीजों का पंचनामा तैयार कर राजस्व विभाग को इसकी जानकारी दे चुके हैं। अब राजस्व विभाग नुकसान का मुआवजा देने की प्रक्रिया करेगी। जिनके घरों में हाथी ने नुकसान किया है उनमें नाम दीनदयाल सिंह, सुबह लाल सिंह, राधेलाल सिंह, कौशल सिंह एवम सुरेंद्र चौधरी शामिल हैं। इनके अलावा कुछ अन्य लोगों ने मुआवजे की राशि कम और लेट लतीफी से देने का राजस्व विभाग पर आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का मूवमेंट रहता है। इसके पहले भी कई बार जंगली हाथी ने हमारे क्षेत्र में कई घरों को नुकसान पहुंचाया था।

वन विभाग ने अपना कार्य किया, लेकिन राजस्व विभाग लेट लतीफी कर नुकसान हुई राशि में कटौती करता है। जिससे हुए नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती। दूसरी ओर शहडोल वन परिक्षेत्र की सीमा पर चार जंगली हाथी पिछले पांच दिनों से मौजूद हैं। इधर भी कई घरों को हाथियों ने नुकसान पहुंचा है।

## प्यार में धोखा के बाद दी थी विवाहिता ने जान

# पहले शादी टूटी, फिर दोस्त ने प्यार का सहारा देकर किया धोखा, जांच शुरू

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में पति से रिश्ता टूटने के बाद एक विवाहिता को उसके दोस्त ने प्यार का सहारा देकर जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। इस दौरान दोस्त ने शादी के कई वादे किए, लेकिन बाद में मुकर गया। जिससे महिला बेहद आहत हुई थी। जिसके बाद उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के चंदन नगर में 12 जून की है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद महिला को आत्महत्या के लिए विवश करने वाले दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**दोस्ती के बाद युवक के साथ रह रही थी:** सीएसपी ग्वालियर कृष्णपाल सिंह ने बताया कि चंदन नगर निवासी 23 वर्षीय मुस्कान जोशी पत्नी डोगर जोशी ने 12 जून को फांसी लगाकर जान दे दी थी। मामले की जांच की तो पता चला कि मुस्कान की शादी पांच साल पूर्व हुई थी और शादी के एक साल बाद पति से विवाद होने लगा और वह मायके आकर रह रही थी। साथ ही इस दौरान उसने पति के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण लगा दिया था। इसी बीच उसकी दोस्ती किसी अन्य युवक से हो गई थी।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को श्री महाकालेश्वर समिति द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए श्रम विभाग की पहल

# मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला का समापन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठा रही है। इस दिशा में परिवहन वाहनों जैसे बस, ट्रक, टैक्सी आदि का संचालन करने वाले ड्रायवरों तथा अन्य स्टाफ जैसे कंडक्टर और क्लीनर के कार्य के घंटे के संबंध में प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किए जाने की पहल की जा रही है।इसी सिलसिले में मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला शुक्रवार को श्रमायुक्त कार्यालय, इंदौर में सम्पन्न हुई।



कार्यशाला में श्रमायुक्त श्रीमती रजनी सिंह ने मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कार्यों में संलग्न ड्राइवरों और अन्य स्टाफ के कार्य के घंटों, विश्राम अवधि और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के लिए प्रतिदिन 8 घंटे और साप्ताहिक 48 घंटे कार्य की अवधि निर्धारित है। इन प्रावधानों का गंभीरता से पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्रायवरों और स्टाफ के लगातार लंबी अवधि तक कार्य करने और विश्राम का समय न मिलने से थकान और तनाव की स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

श्रमायुक्त ने वाहनचालकों के समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषकर नेत्र परीक्षण, सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न तकनीकों और उपकरणों की सहायता से, साथ ही जागरूकता और प्रचार-प्रसार के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सकता है। इसके लिए ड्रायवरों के कार्य समय और विश्राम अवधि की निगरानी करने तथा अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने हेतु मोटर वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस प्रणाली जैसे तकनीकी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

कार्यशाला में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (ढ्ढष्टस्ञ-स्रु) के अधिकारी श्री अभिनव चौहान ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्रायवर और पैसेंजर मैनेजमेंट सिस्टम का भविष्य में उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में कार्यशाला में एक प्रस्तुति भी दी गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### काम के दौरान खाना खाने बैठे मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत

भोपाल।मिसरोद थाना इलाके में स्थित ग्राम जाटखेड़ी में एक निर्माणधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई।बताया गया है कि सुबह से दोपहर तक उसने काम किया और दिन के समय खाने की छुट्टी होने पर वह सीढ़ियों पर बैठकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था, अचानक ही वह बेसुध होकर गिर गया।अन्य लोगो ने उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया जहॉं डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने बताया की मूल रुप से बालाघाट का रहने वाला मुन्ना बसई पिता तिलकचंद बसई(50) फिलहाल जाटखेड़ी मिसरोद में रहते हुए यहीं पर एक निर्माणधीन मकान में काम करता था।बीती दोपहर काम के दौरान करीब दो बजे खाने की छुट्टी होने पर वह सीढ़ियों पर बैठकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था, अचानक उसे चक्कर आए और वह सीढ़ियों पर ही बेसुध होकर गिर गया।वहां मौजूद अन्य मजदूर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया की मुन्ना की मौत हो चुकी है।

### धारदार तलवार के साथ बदमाश बड़ा कालू गिरफ्तार

भोपाल। टीला जमालपुरा पुलिस ने कुख्यात जुआरी अरशद बब्बा के गुर्गे और आपराधिक आदतन बदमाश बबलू उर्फ बड़ा कालू को धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। वह इस्लामी गेट ग्राउंड के पास तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैला रहा था।पुलिस ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बबलू उर्फ बड़ा कालू तलवार लहराते हुए इलाके में लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है।सूचना पर तत्काल टीम भेजी गई, जिसने मौके पर दबिश दी।पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू खान उर्फ बड़ा कालू(24), निवासी काजी कैंप, थाना हनुमानगंज बताया।पुलिस ने उसके पास से एक धारदार तलवार जब्त कर ली।आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### केसरबाग में 51 हजार फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे

# प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के पक्के आवास के सपने को पूरा कर रही है : शुक्ल

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है।जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियो और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम नगर वन निर्माण का भूमि पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संयोग है कि श्रावण माह के पहले दिन इसी दिन केसरबाग में एक बगिया माँ के नाम के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति में भी परमात्मा के दर्शन किये है। कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है।पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते है, जो प्रकृति से कम और लेते देते अधिक हैं।पौधों में प्राण होते है और भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके दिखाया कि पौधों मे प्राण होते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग में आम के पौधे का रोपण किया।



नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे सुन्दर और प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया बनाया जाएगा। बगिया में फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे। बीते वर्ष हमने एक दिन में रेवती रेंज मे 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास रचा था। वर्तमान में सभी पौधे जीवित है और लहरा रहे है।मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस मानसून में इंदौर जिले में 7 लाख पौधों का रोपण हो चुका है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं हजारों की संख्या में पौधारोपण करेंगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रकृति प्रेमी है और वे जल संरक्षण एवं जल संर्वधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।

मुनि आचार्य विभोव सागर महाराज ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार और संस्कृति का संरक्षक है। जहाॅं वृक्ष होते है, वहाँ बादल अधिक बरसते हैं हर व्यक्ति अपने आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाये।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महेद्र हार्डिया, मती मालिनी गौड़, सु उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला आदि शामिल थे।

### ऑनलाइन ट्रैडिंग बिजनेस के नाम पर ऐठीं रकम

# स्टार्टअप के नाम पर महिला की सहकर्मी उसके पति सहित तीन ने की लाखों की ठगी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी की रहने वाली एक विवाहिता ने क्राइम ब्रांच में दो महिलओ सहित तीन लोगो के खिलाफ उसके साथ ऑनलाइन ट्रैडिंग बिजनेस के नाम पर 3 लाख 28 हजार रुपए की ठगी किये जाने की शिकायत की है।

मिली जानकारी के अनुसार आधारशिला, अवधपुरी में रहने वाली मीनाक्षी पटेल पति अशोक पटेल (40) ने क्राइम ब्रांच को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उनके साथ काम करने वाली पूर्णिमा पटेल उसके पति रवि कुमार पटेल और पूर्णिमा की सीनीयर फहरीन खॉन ने उसे क्यूनेट प्लेटफ्मज में बिजनेस स्टार्टअप करने पर काफी अच्छा मुनाफा होने की बात कही थी। उनसे कहा गया की वर्चुअल ऑफिस के जरिये काम करते हुए वह मुनाफा कमा सकती है। उनका वर्चुअल ऑफिस माइक्रोसॉफ्ट डिजाइन करेगा और उसे 103 साल तक का वैध लाइसेंस मिलेगा, जिससे वह घर बैठे ट्रेडिंग कर सकेगी। उनका प्रस्ताव अच्छा लगने पर महिला इसके लिये तैयार



हो गई। इसके बाद पूर्णिमा पटेल ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ लाख रुपए 22 मार्च 2023 को अपने अकाउंट में फोन पे के जरिये ले लिए। उसने कहा कि यह बिजनेस का स्टार्टअप है। इससे आपका लायसेंस बनेगा। इसके बाद 14 अप्रेल को ट्रेडिंग के नाम पर 80 हजार रुपए पूर्णिमा पटेल ने अपनी सीनियर फरहीन के एकाउंट में ऑनलाइन ट्रांसफर करावाए। अब तक मीनाक्षी इसकी जानकारी नहीं थी की उन्हें काम क्या करना है। दो बार रकम लेने के बाद आरोपियों ने उनसे कहा की वह अभी ट्रेनिंग पीरियड में है। इसके बाद 4 अगस्त 2023 को 98 हजार रुपए फिर फोन-पे पर लिए गए। कुछ समय बाद मीनाक्षी को पता चला कि यह बिजनेस एक तरह का फ्रॉड है, क्योंकि यहां पर लोगो को फंसाने पर कमीशन मिलता है।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तय किया टारगेट

# 16 जिलों में 2027 तक लगाए जाएंगे 20 लाख स्मार्ट मीटर

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मप्र में बिजली कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने टारगेट तय किया है कि प्रथम चरण में कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में पहले चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर लगाएगी। यह काम अप्रैल 2027 तक पूरा करने का टारगेट निजी कंपनियों को दिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में यह काम देरी से शुरू हुआ था। इससे कंपनी फिलहाल स्मार्ट मीटर लगाए जाने के काम में पिछड़ी हुई है।विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र वाले 16 जिलों में



अब तक 3 लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दी निजी कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम सौंपा है।एक कंपनी का काम इसी साल पूरा हो जाएगा। दूसरी कंपनी 2027 तक प्रदेश के 16 जिलों में स्मार्ट मीटर लगाएगी।लगाए जा रहे इन स्मार्ट मीटर का दस साल तक मेंटेनेंस भी होगा, जिसका खर्च बिजली कंपनी उठाएगी।

#### 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे

प्रदेशभर में 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं।पहले चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।दूसरे चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर और लगाए जाएंगे।भोपाल में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 6 लाख है। इनमें से 5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे।कंपनी के कार्यक्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का काम निजी कंपनियों को दिया है।ये कंपनियां अगले दस साल तक स्मार्ट मीटर का मेंटेनेस भी करेंगी।मेटेनेस की राशि भी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ही देगी।

# ज्योतिषियों ने भोजपुर में वास्तु पर शोध प्रस्तुत किए

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कालिदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन कार्यक्रम के पूर्व 11 जुलाई को ज्योतिषियों का एक दल भोजपुर पहुंचा। इसमें आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे। एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग भोजपुर के दर्शन करने के पश्चात मंदिर के अधूरे विकास से संबंधित वास्तु एवं अन्य ज्योतिषीय ज्ञान पर चर्चा की गई।

विशेष सौभाग्य रहा कि इस यात्रा में पूज्य महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय समूह के कुलाधिपत श्री गिरीश ब्रह्मचारी जी महाराज का परम सानिध्य प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम धर्माधिकारी स्वामी श्री धनेश प्रपन्नाचार्यजी महाराज के



मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वैदिक ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष पं. श्री रामकिशोर वैदिक जी एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक विधि-विधान से मंदिर स्थित शिवलिंग का पूजा-अभिषेक किया गया।

ज्योतिषियों द्वारा श्री गिरीश ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में वास्तु पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का गिरीश जी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। श्री गिरीशजी ने भोजपुर यात्रा में पहुंचे सभी विद्वानों को संबोधित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बनाया जा रहा था नकली यूरिया

### 13 लाख के माल सहित अन्य माल बरामद

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सूखी सेवनिया थाना इलाके में स्थित एक गोदाम में ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली यूरिया बनाकर उसे बाजार में खपाने के लिये पैक किया जा रहा था।गल्फएएल कंपनी मुंबई के रीजनल मैनेजर आशीष भागवतकर (49) की सूचना पर पुलिस ने गोदाम पर रेड मारते हुए कई कंपनियो का करीब 13 लाख रुपए का विभिन्न यूरिया सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

मामले में पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट सहित अन्य धाराओ के तहत मामला कायम कर आगे की जॉच शुरु कर दी है।थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सैनी चौराहे के पास मिथुन सैनी के मकान में किराए से संचालित हो रहे गोदाम में गल्फएएल, टाटा मोटर्स, आयशर, महिन्द्रा, भारत बैंज के एडब्लू (यूरिया) हैं। गोदाम में गल्फएएल के नाम से एडब्लू (यूरिया डीआईएफ) का स्टॉक करने के साथ ही उसे पैक कर बेचा जा रहा है। इस कारण असल कंपनी को नुकसान हो रहा है।खबर मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने गोदाम की तलाशी ली। इस दौरान कई कंपनियों का डुप्लीकेट माल रखा मिला। गोदाम के कर्मचारी रतन कॉलोनी, करोंद निवासी कर्मचारी हिम्मत सिंह जाटव ने पूछताछ में बताया की वह करीब दो सालो से यहॉं काम कर रहा है, और यह गोदाम जगदीश वसंतानी निवासी सिंधी कॉलोनी का है।और जगदीश डुप्लीकेट यूरिया लेकर आता था। वह ही ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर प्रिंट कराता। उन्हें बाल्टियों में चिपकाता।

### एम्स भोपाल ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस 2025

# युवाओं को सशक्त बनाकर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता पर दिया जोर

भोपाल ■ अमृत दर्शन

एम्स भोपाल ने अपने कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस मनाते हुए जनसंख्या वृद्धि से जुड़े मुद्दों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का कार्य किया। इस अवसर पर संस्थान ने परिवार नियोजन, प्रजनन स्वास्थ्य तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य और निर्णय लेने के अधिकार को केंद्र में रखती है। एम्स भोपाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे संतुलित जनसंख्या को एक स्वस्थ, समावेशी और टिकाऊ समाज की नींव मानें और परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा- युवाओं को जानकारी, पहुंच और विकल्पों से सशक्त करना ही सतत विकास की कुंजी है। जनसंख्या संतुलन केवल आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता सुधारने, भविष्य को सुरक्षित करने और प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने का अवसर प्रदान करने का मार्ग है।एम्स भोपाल इसके लिए जन-जागरूकता, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है।

### सीएससी दिवस पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत देश एक नम्बर पर - मंत्री सारंग

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कॉमन सर्विस सेंटर के 16वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रशासनिक अकादमी, भोपाल में किया गया7 कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग केबिनेट मंत्री, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर जहां एक ओर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है, वहीं इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो रहे है। देश



के विकास में सरकार के लिये गये निर्णयों में सीएससी का गठन सबसे अग्रणीय निर्णय रहा।आज भारत देश डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले में नम्बर एक पर है। मंत्री सारंग ने यह बात सीएससी दिवस के उपलक्ष्य में आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित कार्यशाला में कहीं। इस अवसर पर सीएससी के राज्य प्रमुख अतुलित राय भी उपस्थित थे।

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और कल्याण के कार्य किये जा रहे है। प्रधानमंत्री मोदी ने पारदर्शिता के साथ योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है, इसमें बीएलई की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति में ईमानदारी और कर्त्तव्य बोध है, इसे जगाने की जरूरत है। सीएससी के माध्यम से लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बीएलई प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोगों और सरकार का काम कर रहे। उनके व्यवहार, आचरण और कार्य पद्धति से व्यवस्था परिलक्षित होती है। बीएलई द्वारा लोगों के किये गये कार्य से उसे पैसों के साथ दुआएं भी मिलती हैं। मंत्री सारंग ने सुझाव दिया कि सीएससी में सुझाव और शिकायत की भी व्यवस्था हो और वर्ष में सीएससी में परफॉर्मेंस और उनके व्यवहार के आधार पर अवार्ड दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बीएलई का व्यवहार अच्छा रहे उन्हें सम्मानित करें, जिससे दूसरे लोग भी प्रेरित हों। उन्होंने बीएलई से कहा कि सीएससी में सफाई व्यवस्था उसका उन्नयन और नवाचार करने से आपकी साख बढ़ेगी और विकसित भारत की परिकल्पना पूर्ण होगी।कार्यशाला में सीएससी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। उज्जैन, अशोकनगर, डिण्डोरी, दमोह, पन्ना, छिंदवाड़ा के एक-एक बीएलई, छतरपुर, सिवनी, देवास के दो-दो कुल 12 बीएलई उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किये गये।

#### केन्द्र और राज्य की जनहितैषी योजनाओं का हो रहा संचालन

कार्यशाला में सी एस सी के राज्य प्रमुख अतुलित राय के द्वारा अतिथियों को कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा संचालित सभी सर्विसेज के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित जन हितैषी सेवाओ का संचालन जैसे - आधार केंद्र, बैंक कीओस्क, आयुष्मान, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, पी. एम. किसान ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी, लाडली बहना ई- केवायसी, टेली लॉ योजना, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाये, बैंकिंग सेवाए, बीमा सेवाए आदि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं शहरी क्षेत्रो में प्रदान किया जा रहा है। सी एस सी दिवस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के सभी जिलो से जिला प्रबंधक एवं लगभग 200 सीएससी संचालको ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से पधारकर शिरकत की।

## अनमोल वचन

हम अपने माता-पिता नहीं चुन सकते, परंतु हम माता पिता का चयन होते हैं। – **अज्ञात**

माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं है। – **महर्षि वाल्मीकि**

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को मानेगा चुनाव आयोग?

बिहार में मतदाता सूची की गहन समीक्षा को लेकर कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गईं थीं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जायमाल्या की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात चुनाव आयोग को सुझाव दिया, कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मान्यता दें। सुप्रीम कोर्ट में लगभग साढ़े 3 घंटे बहस चली। दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसको ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट की गहन समीक्षा करने पर कोई रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव के रूप में कहा है, चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची की गहन समीक्षा पर, आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी शामिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को मामले की फिर सुनवाई करने की तारीख नियत की है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं उसको लेकर तरह-तरह की आशंकायें व्यक्त की जा रही हैं। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट जब भी इस तरह के सुझाव देती है सरकार और चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव और आदेशों को नहीं मानता है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह से याचिकाओं का निपटारा किया था। जो आदेश और सुझाव दिये, उसे सरकार ने नहीं माना। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नजर अंदाज कर दिया। मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की। सुप्रीम कोर्ट में अभी भी याचिका लंबित है, जिस पर सुनवाई होनी है। सरकार द्वारा जिस मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की गई। उसके बाद से ही चुनाव आयुक्तों की भूमिका सरकार परस्त होकर रह गई है। विपक्षी दलों द्वारा लगातार चुनाव आयोग के निर्णय और कार्यवाही का विरोध जताया जा रहा है। सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया उसमें 2014 के बाद के किसी भी चुनाव आयुक्त के ऊपर कोई भी अपराधिक मुकदमा दायर नहीं हो सकता है। जब से यह प्रावधान कानून में किया गया है, उसके बाद से चुनाव आयोग के ऊपर सरकार के इशारे पर काम करने के आरोप लग रहे हैं। चुनाव आयुक्त को अब कोई डर और भय नहीं रहा, जिसके कारण चुनाव आयोग विपक्षी दलों की शिकायतों और उनके द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दे रहे हैं। चुनाव आयुक्त के ऊपर अब कोई जिम्मेदारी या कानूनी कार्रवाई तय नहीं हो सकती है। जिसके कारण चुनाव आयुक्त सरकार के ऊपर पूरी तरह से निर्भर हो गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका से एक तरह से सत्ता पक्ष के राजनीतिक दल को फायदा मिला है। सरकार ने चुनाव आयोग के लिए समय-समय पर नियमों में बदलाव किए हैं। चुनाव आयोग अब कोई भी डेटा विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं करा रहा है। चुनाव के दौरान की गई शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। चुनाव का रिकॉर्ड रखने की 45 दिन की समय सीमा तय कर दी है। ऐसे नियमों से राजनीतिक दलों को जो जानकारी प्रमाण के रूप में चहिए होती है, वह नहीं मिल रही है। इस कारण वो चुनावी गड़बड़ियों को लेकर अपनी लड़ाई न्यायालय में नहीं लड़ पा रहे हैं। चुनाव और मतदान के समय मतदान केंद्र के बाहर की वीडियो ग्राफी भी विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसको लेकर चुनाव आयोग के ऊपर अविश्वास बढ़ता चला जा रहा है। चुनाव आयोग को लेकर आम जनता और राजनीतिक दलों को अब वह विश्वास नहीं रहा जो चुनाव आयोग की निष्पक्ष भूमिका के लिए होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश के स्थान पर चुनाव आयोग को सुझाव दिया है। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को चुनाव आयोग मानेगा या नहीं, यह चुनाव आयुक्तों के ऊपर निर्भर करेगा। चुनाव आयोग की किसी भी कार्यवाही पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। ना ही सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्पष्ट आदेश दिए हैं। ऐसी स्थिति में बिहार में चुनाव प्रक्रिया एक बार शुरू हो गई उसके बाद सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करने से इनकार कर सकती है। ऐसा पहले भी हो चुका है। इस बात को लेकर राजनीतिक दलों में संशय और आशंका देखने को मिल रही है। यह आमधारणा बनती चली जा रही है कि न्यायपालिका पर सरकारी दवाब है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से सरकार के खिलाफ आदेश देने में जज डरने लगे हैं। ऐसी स्थिति में मामलों को टाल दिया जाता है। जिसके कारण अब राजनीतिक दल भी आक्रामक होते चले जा रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ जो अविश्वास देखने को मिल रहा है, उसे देखते हुए राजनीतिक दलों ने जन आंदोलन की शुरुआत करके नई रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। लोकतंत्र बचाने के लिए अब राजनीतिक दल और जनता सड़कों पर आने लगी है। बिहार से यह शुरुआत हो गई है। चुनाव आयोग ने यदि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को आधार नहीं माना। मतदाता सूची के परीक्षण कार्य में निष्पक्ष भूमिका और विपक्षी दलों को विश्वास में नहीं लिया। तो इसकी परणति एक जन आंदोलन के रूप में हो सकती है। बांग्लादेश में शेख हसीना के चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने एकतरफा चुनाव कराया था। विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में वहां के चुनाव आयुक्त ने भारी बहुमत से जितवा दिया था। उसके बाद एक जन-आंदोलन खड़ा हुआ। शेख हसीना को जान बचाने के लिए बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। वह भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश के चुनाव आयुक्त को वहां की जनता ने सड़क पर घसीट कर मारा पीटा। अब उनके खिलाफ बांग्लादेश में मुकदमा चल रहा है। भारत में पिछले 75 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव को लेकर आम नागरिकों में हमेशा भरोसा रहा है। यदि यह भरोसा नहीं रहेगा, तो आगे चलकर कुछ भी हो सकता है।

## चिंतन-मनन

# अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे।

एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।

बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



ललित गर्ग

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं।

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना-नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

# धर्मांतरण का धंधा: विदेशी फंडिंग और सामाजिक विघटन का षड्यंत्र



सत्यवान सौरभ

धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग धंधे में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से छांगरू बाबा उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था। जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था – जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया।

उत्तर प्रदेश में एटीएस ने एक बड़े धर्मांतरण रैकेट का खुलासा किया है, जिसमें विदेशी फंडिंग के जरिए करीब 100 करोड़ रुपये 40 खातों में भेजे गए। मुख्य आरोपी 'छांगरू बाबा' उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह ऊंची जाति की लड़कियों के लिए 15-16 लाख रुपये की दर से धर्मांतरण कराता था। यह मामला केवल आस्था नहीं, बल्कि एक सुनियोजित सामाजिक षड्यंत्र है जो जाति, धर्म और लिंग के आधार पर राष्ट्र की एकता को तोड़ने का प्रयास करता है। इसे धार्मिक स्वतंत्रता नहीं, संगठित अपराध के रूप में देखा जाना चाहिए।

धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग धंधे में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से छांगरू बाबा उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था।

जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था – जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया। एफआईआर और जांच रिपोर्ट के अनुसार, धर्मांतरण के लिए बाकायदा रेट कार्ड था। ऊंची जाति की लड़कियों के लिए धर्मांतरण की दर 15-16 लाख रुपये तक थी, जबकि अन्य लड़कियों के लिए 8-10 लाख रुपये। सोचिए, जब धर्म को भी जाति और लिंग के आधार पर मूल्यांकित किया जाने लगे, तो वह किस स्तर तक गिरावट का प्रतीक बनता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस रैकेट के पास 40 बैंक खाते थे जिनमें विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजी गई। यह रकम किसके इशारे पर भेजी गई, किन उद्देश्यों के लिए, और किन देशों से – यह सवाल सिर्फ जांच एजेंसियों के नहीं, पूरे देश के हैं। क्या यह केवल धर्मांतरण के लिए था या इसके पीछे कोई और बड़ा वैश्विक, राजनीतिक या वैचारिक षड्यंत्र भी छिपा है?

इस रैकेट की कार्यशैली में सोशल मीडिया का जबरदस्त उपयोग किया गया। वीडियो, मोटिवेशनल भाषण, 'इस्लाम कबूल करने से मिली राहत' जैसे फर्जी वीडियो वायरल कर कमजोर तबकों को बरगलाया गया। पहले मानसिक रूप से प्रभावित किया गया, फिर आर्थिक लालच दिया गया और अंत में जबरन धर्मांतरण। यह साइकोलॉजिकल वॉरफेयर जैसा है – जहां पहले मस्तिष्क जीता जाता है, फिर शरीर। और सबसे दुखद यह कि इसे धर्म का नाम दिया गया।

इस प्रकरण में बलरामपुर जिले के एक पूरे परिवार के धर्मांतरण की पुष्टि हुई है। वहां महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। यह कोई एक अपवाद नहीं, बल्कि उसी पैटर्न का हिस्सा है – जिसमें ग्रामीण, अशिक्षित और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को निशाना बनाया जाता है। यह सामाजिक असमानता का शोषण है। जब राज्य, समाज और प्रशासन इन परिवारों की रक्षा नहीं कर पाते, तो ऐसे गिरोह अपना मकड़जाल फैलाते हैं। इस रैकेट का सबसे खतरनाक पहलू था – जातिगत दर निर्धारण। ऊंची जाति की लड़कियों के धर्मांतरण के लिए अधिक पैसा दिया जाता था। इसका मतलब है कि धर्मांतरण सिर्फ धर्म का नहीं, जाति-सामाजिक संरचना को तोड़ने का औजार भी बन चुका है। यह न केवल हिंदू समाज को कमजोर करने की चाल है, बल्कि राष्ट्र को आंतरिक रूप से विखंडित करने की भी रणनीति है। इस मामले पर तथाकथित सेक्युलर बुद्धिजीवी वर्ग चुप है। वही वर्ग जो 'धर्मनिरपेक्षता' की दुहाई देता है, 'संविधान की आत्मा' की बात करता है, आज गूंगा बना बैठा है। क्यों? क्या धर्मांतरण को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मान लिया गया है? क्या किसी गरीब, दलित, महिला या आदिवासी का जबरन धर्म बदलवाना मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है? अगर किसी दलित के मंदिर में प्रवेश करने से किसी को आपत्ति है, तो उस पर शोर मचता है, लेकिन जब उसी दलित को पैसों से धर्म बदलवाया जाता है तो कोई नहीं बोलता। यह मौन स्वयं एक अपराध है। यह भी गौरतलब है कि ऐसे मामलों पर राजनीतिक दल अक्सर वोट बैंक की राजनीति के कारण खुलकर प्रतिक्रिया नहीं देते। अल्पसंख्यकों की 'संवेदनशीलता' के नाम पर ऐसे राष्ट्रघातक कृत्यों को नजरअंदाज किया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की अखंडता और सामाजिक समरसता वोट बैंक से भी छोटी हो गई है?

# प्रधान मंत्री मोदी ईमानदार हैं

बिहार वोटर लिस्ट- राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का विरोध, बिहार बंद में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन हुआ कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की इस रैली में महागठबंधन का हिस्सा नहीं बने और वाहन में बाहर कर फेंकना अच्छा नहीं है और एक तरफ मोदी जी नीतीश कुमार को अपनी माला में जगह देते हैं वोट आपका अधिकार है लेकिन जानिए संसार में अधिकांश लोग अपने-अपने स्वार्थों में फँसे हुए हैं तथा जहाँ भी किसी का कोई स्वार्थ टकराता है, वह आपकी व्यर्थ निन्दा शुरु कर देता है। मनुष्य किस-किस क्षेत्र में कहाँ तक हटे ? कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है।



संजय गोस्वामी

संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दण्ड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएँ। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानिय न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें। धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊँचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊँची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायान नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है। इसे पलायन कहना भूल होती है। पलायन के मूल में भय होता है तथा मोड़ का कारण होता है-मन का ऊँचे धरातल पर पहुँचना। सन्त-वृत्ति अपनाने पर तथा आध्यात्मिक रुचि ग्रहण कर लेने पर, मनुष्य धन अथवा पद आदि के लिए लौकिक संघर्ष से अधिक-से-अधिक संभव सीमा तक दूर हटकर स्वाध्याय, ज्ञानार्जन, ध्यान के अभ्यास, प्रार्थना, परोपकार, सेवाकार्य आदि में जुट सकता है। यह रुचि परिष्कार कहलाता है। अरविंद घोष सहसा राजनीति से हटकर अध्यात्म में लग गये थे। पनी रुचियों को खोजकर उन्हें उचित दिशा देने से विशेष सुख मिलता है। यदि आपमें कलाकार, चित्रकार, वैज्ञानिक, विचारक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता छिपा पड़ा हो, तो उसे जगायें। यश की इच्छा छोड़कर अपने व्यक्तित्व की गहरी माँगों को तन्मयता से पूरा करके उसका विकास करना मानो ईश्वर की योजना को पूरा करना है तथा प्रगाढ़ सुख की ओर बढ़ना है। दि ईमानदारी, सचाई और योग्यता होने पर भी उन्नति न मिले, तो उसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करें तथा ईमानदारी को न कोसने लगें। ईमानदारी का फल सदा मीठा ही होता है।

## खास बात

### के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह चरम पर

तेलंगाना मे के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह सड़कों पर देखने को मिल रही है। उनकी बेटी के कविता ने बगावत का बिगुल बजा दिया है। वह खुलकर राजनीति के मैदान में अपने पिता और भाई के विरोध में आकर खडी हो गई हैं। केसीआर अपना उत्तराधिकारी अपने बेटे केटी रामा राव को बनाना चाहते हैं। के कविता खुद को उत्तराधिकारी मानती हैं। 17 जुलाई को उन्होंने स्वतंत्र रूप से रेल रोको आंदोलन का ऐलान कर बगावत का बिगुल दिया है। 17 जुलाई को एक भी ट्रेन तेलंगाना से दिल्ली के लिए रवाना नहीं होगी। उन्होंने यह आंदोलन आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए शुरू किया है। इसके बाद से केसी आर परिवार की कलह खुलकर सामने आ गई है।

### पश्चिम बंगाल की कमान भाजपा के खाटी नेता को

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनाव रणनीति को बदल दिया है। दल बदलुओं के स्थान पर अब भाजपा के खाटी नेताओं के ऊपर केंद्रीय नेतृत्व ने ध्यान केंद्रित किया है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर सामिक भट्टाचार्य की नियुक्ति की गई है। सुकांत मजूमदार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है।पश्चिम बंगाल में अन्य पार्टियों से आए हुए नेताओं का भारी विरोध है। अन्य पार्टी से आए हुए नेता कभी भी पलटी मार सकते हैं इसको देखते हुए अब भाजपा के पुराने नेताओं के हाथ में कमान सोंपी जा रही है। ममता दीदी से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी रणनीति बदलने जा रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में इसका क्या असर होगा। इसका पता परिणाम आने के बाद लगेगा। पश्चिम बंगाल के भाजपा संगठन में परिवर्तन अभी से दिखने लगा है।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस 2 पाँटों के बीच फंसी

महाराष्ट्र राज्य में कांग्रेस दो पाटों के बीच में फंसी हुई है। उसे समझ नहीं आ रहा, करे तो क्या करे। राहुल गांधी ने गौतम अडानी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा कांग्रेस को महाराष्ट्र में उठाना पड़ रहा है। राक्रापा के शरद पवार की अडानी के साथ नजदीक्रियां हैं। वह कांग्रेस के रास्ते में कांटा बिछाने का काम करते हैं। वहीं इंडिया गठबंधन में भी बने हुए हैं। पवार कांग्रेस से दूरी बनाकर चल रहे हैं। अब महाराष्ट्र में हिंदी के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे हिंदी के विरोध में एक मंच पर आ गए हैं। हिंदी विरोध को लेकर कांग्रेस किस तरह से शिवसेना के साथ चलेगी? इसको लेकर एक नई चुनौती कांग्रेस को महाराष्ट्र में मिलना शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ रही है। वही महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस कितना भी प्रयास करे।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, तीज, शनिवासरे, आद्रा नक्षत्रे, विव योगे, तैतिल करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 19/26, वक्री शनि, त्रिपुस्कर योग, वाहन व्यापार क्रय विक्रय तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी होगा।

**मेष राशि :** बेचैनी, उद्विघ्नता से बचें, सोचे कार्य समय पर होंगे, परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**वृष राशि :** चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, धन लाभ के योग बनेंगे ध्यान अवश्य दें।

**मिथुन राशि :** मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी, कार्य को समय पर करने का प्रयास करें।

**कर्क राशि :** धन का व्यर्थ व्यय होगा, समय व शक्ति नष्ट होगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।

**सिंह राशि :** भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, स्वास्थ्य नरम रहेगा तथा विरोधी वर्ग परेशान करने का प्रयास करेगा।

**कन्या राशि :** धन व समय नष्ट होगा, चिन्ता, क्लेश व अशांति का वातावरण रहेगा, यात्रा में कष्ट होगा

**तुला राशि :** परिश्रम से सफलता के कार्य अवश्य जुटायें, कार्य बाधा, अवरोध से बचें।

**वृश्चिक राशि :** चोटादि से बचिये, क्लेश व अशांति से बचें, व्यर्थ कार्यों में समय नष्ट होगा।

**धनु राशि :** भाग्य का सितारा साथ देगा, क्लेश, अशांति से बचने का प्रयास करें, समय नष्ट होगा।

**मकर राशि :** स्वास्थ्य नरम रहेगा, यात्रा के योग बनेंगे, चिन्ता से मानसिक अशांति रहेगी, धैर्य रखें।

**कुंभ राशि :** अकस्मिक घटनाओं से चोटादि का भय होगा, धन का व्यय होगा, कार्य सावधानी से करें।

**मीन राशि :** अधिकारियों से कष्ट, मित्र सहायक होंगे, व्यर्थ भ्रमण में समय नष्ट होगा, धन व्यय होगा।

## दैनिक पंचांग

**12 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.45 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.02 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.13 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.39 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.55 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.19 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.50 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृष | 01.30 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.28 बजे से |


**शनिवार** 2025 वर्ष का 193 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 06.36 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 19.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.01 बजे तदनन्तर गर 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 58' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872403 **जूलियन दिन** 2460868.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# खाने-पीने की इन चीजों का सेवन करने से बचें

## कम हो जाएगा लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा



अगर आप अपने लिवर की सेहत को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अनहेल्दी खान-पान की वजह से आपका लिवर बुरी तरह से डैमेज हो सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लिवर खून को साफ करने का काम करता है और अगर आपका लिवर हेल्दी नहीं रहेगा तो आपको सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### फ्राइड फूड्स से परहेज करने की कोशिश करें

जो लोग अक्सर फ्राइड फूड्स खाते हैं, उन्हें लिवर से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। तला-भुना खाना लिवर में सूजन पैदा कर सकता है। लिवर से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए फ्राइड फूड्स से परहेज करने में ही समझदारी है।

### शुगरी ड्रिंक्स पीने से बचना चाहिए

क्या आप अक्सर शुगरी ड्रिंक्स पीते हैं? अगर हां, तो आपकी इस आदत की वजह से लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। फैटी लिवर समेत दूसरी लिवर से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए शुगरी ड्रिंक्स को अपने डाइट प्लान में शामिल न करें।

### नुकसान पहुंचा सकता है प्रोसेस्ड मीट

अगर आप भी अक्सर प्रोसेस्ड मीट का सेवन करते हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रोसेस्ड मीट आपके लिवर की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि आपको लिमिट में रहकर ही प्रोसेस्ड मीट को कंज्यूम करना चाहिए।

### घातक साबित हो सकती है शराब पीने की आदत

अगर आप शराब पीते हैं, तो न केवल आपका लिवर बल्कि आपकी ओवरऑल हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। सेहत से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए आपको शराब पीना छोड़ देना चाहिए।

# दूध के साथ करें इन चीजों का सेवन

## दूर हो जाएगी विटामिन बी12 की कमी

विटामिन बी12 की कमी आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। इसलिए आपको इस जरूरी पोषक तत्व की कमी को जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आप अपने डाइट प्लान में थोड़े बहुत बदलाव कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दूध के साथ कुछ चीजों को कंज्यूम करके आपको विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा मिल सकता है।

खा सकते हैं खजूर – विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए खजूर का सेवन किया जा सकता है। रात में सोने से पहले दो से चार खजूर को गुनगुने दूध के साथ कंज्यूम करने से जल्द ही विटामिन बी12 की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा इस तरह से खजूर का सेवन करके आप अपनी स्लीप क्वॉलिटी को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

दूध के साथ पनीर खाएं – पनीर में विटामिन बी12 की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। सोने से पहले गुनगुने दूध के साथ थोड़ा सा पनीर खाएं और विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा पाएं। अगर आप अंडा खा लेते हैं, तो दूध के साथ बॉइल्ड एग को भी कंज्यूम कर सकते हैं। दूध के साथ पनीर या फिर अंडे का सेवन करके आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

फायदेमंद साबित होगा मेथी दाना 9



# अमरूद के पत्तों में छिपा है सेहत का खजाना

## जानें इससे मिलते हैं कौन से फायदे और सेवन का सही तरीका

**अमरूद का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अमरुद के पत्तों भी आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होते हैं। अमरुद के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनिरल्स होते हैं जो समग्र स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं अमरुद का सेवन करने से सेहत को कौन से फायदे होते हैं और इसका इस्तेमाल कैसे करें?**

### अमरुद के पत्तों से मिलते हैं ये फायदे:

पाचन होता है बेहतर: अमरूद के पत्ते एसिडिटी को कम करके और पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण को बढ़ावा देकर दस्त और सूजन जैसी पाचन समस्याओं में मदद कर सकते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है मजबूत: अमरूद के पत्तों में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट के उच्च स्तर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और संक्रमण से बचाने में मदद कर सकते हैं।

स्किन से जुड़ी परेशानियां होती हैं दूर: अमरूद के पत्तों का उपयोग उनके विरोधी भड़काऊ और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण मुँहासे, काले धब्बे और उम्र बढ़ने के संकेतों सहित विभिन्न त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा सकता है।

दांतों के लिए फायदेमंद: अमरूद के पत्तों को चबाने से दांत दर्द और मसूड़ों की समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें मौजूद जीवाणुरोधी गुण मसूड़ों की बीमारी, दांत दर्द और सांसों की बदबू को रोकने में मदद करते हैं।

हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी: अमरूद के पत्ते खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके और संभावित रूप से रक्तचाप विनियमन का समर्थन करके हृदय स्वास्थ्य में योगदान दे सकते हैं।

रक्त शर्करा नियंत्रण: अमरूद के पत्ते रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, संभावित रूप से मधुमेह वाले व्यक्तियों या जोखिम वाले लोगों को लाभ पहुंचा सकते हैं।

पीरियड्स के दर्द में फायदेमंद: अमरूद के पत्ते मासिक धर्म में ऐंठन के लिए भी लाभ प्रदान कर सकते हैं, संभावित रूप से दर्द की तीव्रता को कम करने के साथ-साथ वजन घटाने में भी सहायता कर सकते हैं।

### कैसे करें अमरुद के पत्तों का इस्तेमाल?

ताजे या सूखे अमरूद के पत्तों को 5-10 मिनट तक पानी में उबालें फिर उसे छानकर पिएं। आप स्वाद के लिए शहद या नींबू मिला सकते हैं। अमरूद के पत्तों को पानी में उबालकर ठंडा होने दें। शैम्पू करने के बाद ठंडे पानी से बालों को धोएँ, इससे बाल मजबूत होंगे और बालों का झड़ना कम होगा। आराम और सुगंधित स्नान के लिए अपने नहाने के पानी में अमरूद के पत्ते डालें।

# सुबह खाली पेट पिएं ये देसी ड्रिंक्स, वजन होगा तेजी से कम



**अगर आपका वजन तेजी से बढ़ रहा है तो उसे कम करने के लिए अपनी डाइट में इन कुछ देसी ड्रिंक्स को शामिल करें। इन ड्रिंक्स को खाली पेट पीने से न केवल वजन कम होता है बल्कि सेहत से जुड़े अन्य कई फायदे मिलते हैं। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ अपनी सुबह की दिनचर्या में इन ड्रिंक्स को शामिल करने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है जिससे वजन कम करना आसान हो जाता है। चलिए जानते हैं किन ड्रिंक्स के सेवन से बढ़ते मोटापे पर लगाम लगाया जा सकता है।**

### इन देसी ड्रिंक्स से करें दिन की शुरुआत:

नींबू पानी: नींबू पानी विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। खाली पेट सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन में सुधार करने और पेट भरा होने का एहसास दिलाती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा नीबू का रस निचोड़ें। अच्छी तरह से हिलाएँ और इसे खाली पेट पिएँ।

जीरा पानी: जीरा रसोई का एक मुख्य हिस्सा है। जीरा पानी वजन कम करने के साथ आपका पाचन भी दुरुस्त करता है। साथ ही यह जीरा पानी पाचन एंजाइमों को एक्टिव करता है, जिससे खाना आसानी से पच जाता है। जीरा पानी पेट फूलना, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। एक कप पानी में 1 चम्मच जीरा रात भर भिगोएँ। सुबह इसे उबालें, छान लें और इसे गर्म-गर्म पीएँ। नाश्ते से कम से कम 20 मिनट पहले इसे पिएँ।

आंवला का जूस: आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है और बेहतर पाचन को बढ़ाता है, वजन को कम करता है, मेटाबॉलिज्म बढ़ाता है और बॉडी को डिटॉक्सफाई करता है। एक गिलास गर्म पानी में 2 बड़े चम्मच ताजा आंवला का जूस मिलाएँ। इसे खाली पेट पिएँ। इसे चाय या कॉफी के साथ पीने से बचें।

दालचीनी का पानी: अगर आप वजन तेजी से कम करना चाहते हैं तो दालचीनी के पानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। दालचीनी का पानी चयापचय को तेज करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकता है, जिससे वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है। एक कप पानी उबालें और उसमें एक चम्मच दालचीनी पाउडर या दालचीनी की एक छड़ी डालें। इसे 10 मिनट तक भीगने दें। छान लें और गरम-गरम पी लें।



# दिल की सेहत को मजबूत बनाए अंजीर का पानी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अंजीर के पानी में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन के, फाइबर, प्रोटीन, आयरन और जिंक समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि इस ड्राई फ्रूट के पानी को ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको सुबह-सुबह खाली पेट अंजीर का पानी पीना चाहिए।

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं तो अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अंजीर का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा फाइबर रिच अंजीर का पानी पीकर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को भी आसान बना सकते हैं।

### दिल की सेहत को मजबूत बनाए

क्या आप दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको अंजीर के पानी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना लेना चाहिए। अंजीर के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपके दिल की सेहत को मजबूत बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। अंजीर का पानी आपकी बोन हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### मिलेंगे एक से बढ़कर एक फायदे

जो लोग कमजोर इम्यूनिटी की वजह से बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, उन्हें अंजीर का पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए भी इस ड्राई फ्रूट के पानी को कंज्यूम किया जा सकता है। सेहत से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा पाने और शरीर को फौलादी बनाने के लिए हर रोज सुबह-सुबह अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए और महज कुछ ही हफ्तों के अंदर खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखिए।

# कितनी देर में खराब हो जाती है चाय?

कई लोगों को इस बात से कोई फर्क नही पड़ता कि सर्दियों का मौसम चल रहा है या फिर गर्मियों का, उन्हें दिन में एक से दो बार चाय तो पीनी ही होती है। कुछ लोग अपने दिन की शुरुआत चाय से करते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी थकावट को दूर करने के लिए चाय का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पीना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है?

कितनी देर में हो जाती है खराब?

दूध वाली चाय को ज्यादा देर तक नहीं रखना चाहिए। एक बार आपने चाय को पका लिया, तो आपको चाय को ठंडा होने से पहले पी लेना चाहिए। चाय को आधे घंटे से पहले ही पी लेना चाहिए। दूध वाली चाय हर्बल टी की तुलना में जल्दी खराब हो जाती है। हर्बल टी को आप कुछ घंटों तक फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं।

डाइजेस्टिव सिस्टम पर पड़ सकता है बुरा असर

अगर आपने ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पिया, तो आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। छोटी सी लगने वाली इस गलती की वजह से एसिडिटी, कब्ज और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसके अलावा चाय को ज्यादा देर तक रखने के कारण उसके अंदर मौजूद पोषक तत्व भी कम होते चले जाते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया 'ए' महिला टीम घोषित, राधा यादव होंगी कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया 'ए' महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह बहु-प्रारूप दौरा 07 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20, तीन एकदिवसीय मुकाबले और एक चार दिवसीय मैच शामिल होगा। टीम की कमान अनुभवी ऑलराउंडर राधा यादव को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान के रूप में मिन्नू मणि को चुना गया है। इस दौरे का उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना और भविष्य की भारतीय टीम के लिए मजबूत विकल्प तैयार करना है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारती टीम तीन टी20 मुकाबले 07 अगस्त से मैकाय में खेलेगी। इसके बाद टीम 50 ओवर के तीन मैच ब्रिसबेन के नॉर्थ्स ग्राउंड में खेलेगी। आखिर में चार दिवसीय मैच एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

**इंडिया 'ए' टी20 टीम-** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

**इंडिया 'ए' वनडे व मल्टी-डे टीम-** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, तेजल हासाबनीस, राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गूजर, जोशिता वी.जे., शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### फिडे महिला विश्व कप: हम्पी ने खामदमोवा को हराया, हरिका भी तीसरे दौर में पहुंचीं

**बतूमी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने उज्बेकिस्तान की अफरुजा खामदमोवा के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलते हुए 1.5-0.5 से मिनी-मैच जीतकर फिडे महिला विश्व कप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, भारत की ही डी.हरिका ने अपनी साथी खिलाड़ी पी.वी.नंधिधा को हराकर अंतिम 32 में जगह बना ली। सफेद मोहरों से खेलते हुए हम्पी ने पूरी तरह नियंत्रण में खेल दिखाया और आगामी मुकाबलों के लिए ऊर्जा बचाते हुए ड्रॉ को स्वीकार किया। वहीं, हरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नंधिधा को हराया, जो कि जीत के लिए सब कुछ दांव पर लगा चुकी थीं। टूर्नामेंट में दो बार कांस्य पदक जीत चुकी हरिका ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए विरोधी के सफेद मोहरों को निष्क्रिय किया और अंततः जीत दर्ज की। नंधिधा, किरण मनीषा मोहंती के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं।

विंबलडन चैंपियनशिप 2025

# वर्बीक व सिनियाकोवा ने रचा इतिहास मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया

**लंदन ■ एजेंसी**

चेक गणराज्य की कैटेरीना सिनियाकोवा और नीदरलैंड्स के सेम वर्बीक ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को विंबलडन 2025 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्रिटेन के जो सालिसबरी और ब्राज़ील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 7-6(3), 7-6(3) से हराया।

सेंटर कोर्ट पर घरेलू खिलाड़ी सालिसबरी और उनकी जोड़ीदार स्टेफनी के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चेक-डच जोड़ी ने संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। दूसरे सेट में स्टेफनी को पैर में परेशानी भी नजर आई, जिसका असर उनकी मूवमेंट पर पड़ा।

जीत का आखिरी बिंदु कैटेरीना सिनियाकोवा के ओवरहेड स्मैश के साथ आया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी जीत का जश्न मनाया। यह दोनों की एक साथ पहली खिताबी जीत है। जहां सिनियाकोवा का यह पहला मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब है, वहीं 31 वर्षीय वर्बीक के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।

खिताब जीतने के बाद 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने कहा, यह बहुत खास है। इस टूर्नामेंट में खेलकर और जीतकर बहुत मज़ा आया। यह एक शानदार अनुभव था। गौरतलब है कि सिनियाकोवा के नाम अब कुल



11 ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताब हो गए हैं, जिनमें इस साल जनवरी में टेलर टाउन्सेंड के साथ जीता गया ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल खिताब भी शामिल है।

अपने साथी की तारीफ करते हुए वर्बीक ने भावुक शब्दों में कहा, कैटेरीना, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके साथ कोर्ट साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। आप डबल्स की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। आपने इस गुरुवार को मेरी जिंदगी का सबसे यादगार दिन बना दिया।

वहीं, जो सालिसबरी ने हार के बाद कहा, फाइनल हारना हमेशा दुखद होता है, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया। दोनों टाई-ब्रेकर में वे हमसे बेहतर साबित हुए।

इस खिताब के साथ सिनियाकोवा और वर्बीक ने न केवल पहली बार मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता, बल्कि विंबलडन इतिहास में अपनी एक खास जगह भी बना ली।

# यूएफा महिला यूरो 2025: स्विट्ज़रलैंड पहली बार क्वार्टरफाइनल में, नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराया



**जिनेवा ■ एजेंसी**

स्विट्ज़रलैंड की रियोला झेमाइली ने गुरुवार को फिनलैंड के खिलाफ मुकाबले के अंतिम क्षणों में गोल कर टीम को 1-1 की रोमांचक बराबरी दिलाई और इसके साथ ही मेज़बान टीम ने पहली बार महिला यूरो 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस ड्रा के चलते फिनलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ग्रुप ए में नॉर्वे के बाद स्विट्ज़रलैंड दूसरे स्थान पर रहा। उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उसने नाटकीय अंदाज में हासिल किया। फिनलैंड के लिए नतालिया कुइक्का ने 79वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर बढ़त दिलाई। यह पेनल्टी तब मिली जब वियोला कैलिगारिस ने एम्मा कोइविस्टो को बॉक्स में गिरा दिया। 101वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं सेंटर-बैक कुइक्का ने आत्मविश्वास के साथ गेंद को गोलकीपर लिविया पेंग के विपरीत दिशा में भेजा।

हालांकि, घरेलू दर्शकों के जबरदस्त समर्थन से उत्साहित स्विस टीम ने अंतिम पलों में आक्रामक खेल जारी रखा। 92वें मिनट में जेराल्डीन रयूटेलर का शॉट भले ही सही से नहीं लगा, लेकिन झेमाइली मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने गेंद को गोल में डालकर स्टेड डी जिनेवा का माहौल जश्न में बदल दिया। मैच में स्विट्ज़रलैंड ने कुल 15 शॉट्स लिए जबकि फिनलैंड सिर्फ 6 पर ही सिमट गया। अब क्वार्टरफाइनल में स्विट्ज़रलैंड का सामना ग्रुप बी की विजेता से होगा, जो फिलहाल विश्व चैंपियन स्पेन है।

एक अन्य मुकाबले में नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराकर ग्रुप ए में लगातार तीन जीत के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया।

# पचमढी मानसून मैराथन 2025, 7वां संस्करण 13 को, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित दौड़ फिटनेस, इको-टूरिज्म सब एक साथ

**नर्मदापुरम ■ निप्र**

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन के सहयोग और के ए कनेक्ट एडवेंचर नागपुर के माध्यम से, गर्व से पचमढ़ी मानसून मैराथन के 7 वें संस्करण किया जा रहा है, रविवार, 13 जुलाई 2025 को, सतपुड़ा की रानी पचमढी के सुरम्य हिल स्टेशन में 13 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया है। विश्व एथलेटिक्स और उद्देश्यों द्वारा प्रमाणित, यह अनोखा मानसून मैराथन भारत से धावकों को आमंत्रित करता है और प्रकृति के बीच फिटनेस को गले लगाने के लिए।

दौड़ सभी वर्ग आयु ग्रुप और फिटनेस स्तरों के लिए है

5 कि.मी. फैमिली फन रनः उम्र 5-10, 11-18, 19-30, 31-45, 46-60, 61+

10 कि.मी.धीरज रनः उम्र 15-30, 31-45, 46-60, 61+

21 कि.मी. हाफ मैराथनः उम्र 18-30, 31-45, 46-60, 61+

41 कि.मी. पूर्ण मैराथनः उम्र 18-40, 41+

(एक चुनौतीपूर्ण 1,000 मीटर ऊंचाई पर - भारत के सबसे कठिन पहाड़ी मैराथन में से एक है।)



**MPT ग्लेन व्यू, होटल से होगा शुभारंभ-** सभी प्रतिभागियों को RFID टाइमिंग चिप, DRI-FIT T-SHIRT, फिनिशर का पदक, प्रमाण पत्र, जलपान और पूर्ण मार्ग समर्थन। प्रत्येक आयु वर्ग में शीर्ष तीन के लिए ट्राफियां। एक अनोखा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सीमित पंजीकरण किये गए हैं। बारिश को अपने जुनून को ईंधन दें। पहाड़ियों को अपनी ताकत का परीक्षण करने दें।प्रकृति को अपनी चीयरिंग भीड़ होने दें।

**एक मैराथन से अधिक** - आत्मा का उत्सव धीरज से परे, पचमढी मानसून मैराथन प्रकृति के साथ लचीलापन, एकता और सद्भाव का उत्सव है। धावक अद्भुत जंगल, झरने, और विरासत ट्रेल्स को पार करते हैं - पचमढ़ी के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धन के माध्यम से एक अविस्मरणीय यात्रा के लिए। पहले से ही 1,800+ पंजीकरण के साथ, इस संस्करण में भारत और विदेशों से एक हजार से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम न केवल इको-टूरिज्म और हेल्दी लिविंग को बढ़ावा देती है, बल्कि मध्य प्रदेश को एक स्वच्छ, हरे भरे और सुरक्षित मानसून गंतव्य के रूप में भी रखती है।

**जहां फिटनेस प्रकृति और संस्कृति से मिलती है-** पचमढ़ी मानसून मैराथन 2025 एक ऐतिहासिक घटना के रूप में विकसित हो रहा है - एक अविस्मरणीय अनुभव में फिटनेस उत्साही, प्रकृति प्रेमियों और सांस्कृतिक खोजकर्ताओं को एकजुट करना।



## संक्षिप्त समाचार

### देश का विदेशी मद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते के दौरान कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.85 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.54 अरब डॉलर घटकर 591.29 अरब डॉलर रह गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.85 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के मुताबिक चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.74 अरब डॉलर हो गया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

### डॉलर की तुलना में 15 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** ट्रेड टैरिफ की अनिश्चितता और इंडियन स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर की गई बिकवाली के कारण आज भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरावट का शिकार हो गई। आज रुपया डॉलर की तुलना में 15 पैसे की कमजोरी के साथ 85.79 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 85.64 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ की थी। इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की कमजोरी के साथ 85.76 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया 27 पैसे फिसल कर 85.91 के स्तर तक भी आ गया था, लेकिन इसके बाद डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया सुधर कर 85.78 के स्तर तक पहुंच गया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट के साथ 85.79 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा रुपये ने डॉलर के अलावा ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 30 पैसे की मजबूती के साथ 116.25 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 18 पैसे की मजबूती के साथ 100.29 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कमजोर वैश्विक संकेतों और ग्लोबल मार्केट में अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी की वजह से बनी अनिश्चितता के कारण मुद्रा बाजार में भी संभल कर कारोबार हो रहा है।

# डीजीजीआई बेंगलुरु इकाई ने 266 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों वाली छह फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने एक मामले की जांच के दौरान नई दिल्ली में 6 से अधिक परिसरों में तलाशी ली। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान 266 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के फर्जी चालानों का खुलासा किया, जिसमें फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना और उसे आगे बढ़ाना शामिल था।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि जीएसटी की खुफिया शाखा डीजीजीआई ने दिल्ली शहर में छह परिसरों की तलाशी ली और 266 करोड़ रुपये के फर्जी चालान और फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी पारित करने का खुलासा किया है। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों द्वारा बेंगलुरु में शुरू की गई एक मामले की जांच में पाया गया कि बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के 4 कंपनियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति दिखाई है।

मंत्रालय ने बताया कि मास्टरमाइंडों ने बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के फर्जी कंपनियां बनाईं, कारोबार बढ़ाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग की, एक कंपनी को




स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कराया और आईटीसी धोखाधड़ी में लिप्त रहे। वित्त मंत्रालय के मुताबिक जांच से पता चला है कि बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के चार कंपनियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति दिखाई है। इन कंपनियों के परिसरों की तलाशी के दौरान मुख्य आरोपित के परिसरों से मूल दस्तावेज़, जैसे चालान और मुहरें, बरामद की गईं। इस मामले के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा सर्कुलर ट्रेडिंग और फर्जी आईटीसी के उपयोग से जीएसटी धोखाधड़ी के ऐसे पैटर्न का पता चलने के बाद डीजीजीआई ने सेबी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए हाल ही में सेबी के साथ विशिष्ट जानकारी साझा की है।

### उद्योगों से जुडे ऋण एवं व्यवसाय का पहला एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 1-3 अगस्त तक भारत मंडपम में

**नई दिल्ली।** देश का पहला ऋण एवं व्यवसाय एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक राजधानी के भारत मंडपम में होगा। यह सम्मेलन समावेशी वित्तीय सशक्तिकरण और उद्यमशीलता के पुनरुत्थान की दिशा और 20247 विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक साबित होने वाला है। कॉन्क्लेव की समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव दुबे ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह केवल आयोजन नहीं है, बल्कि यह हर उस उद्यमी के आर्थिक उत्थान के लिए राष्ट्रीय आंदोलन है, जो महत्वाकांक्षी होने के बावजूद पहुंच से वंचित है। समन्वय समिति की उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों, व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं, नीति निर्माताओं, इनक्यूबेटरों और उद्यमियों को एक ही मंच पर लाएगा, जिससे अभूतपूर्व वित्तपोषण, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और सहयोग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, केकेजीए पार एक्सीलेंस प्राइवेट लिमिटेड, सागा, कैट, एआईएआई, हाउस ऑफ एमएलएमसी, एफएम रेडियो मिर्ची और ग्राफिसैड्स की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, विकास पूंजी को खोलना और एमएसएमई, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों और देश के महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करना है। सीए कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि ऋण देने वाली संस्थाओं के लिए समृद्धि कॉन्क्लेव एमएसएमई के एक बड़े समूह के साथ सीधे जुड़ने और उनके ऋण वितरण लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के तीन दिवसीय सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। गुप्ता ने बताया कि 200 से अधिक प्रदर्शकों और 60 हजार से अधिक आगंतुकों के साथ यह आयोजन भारत के वित्तीय और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला बनने के लिए तैयार है।

### क्रिप्टोकरंसी मार्केट में तेजी का रुख, पहली बार एक करोड़ के पार पहुंचा बिटकॉइन



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन ने आज पहली बार एक करोड़ रुपये के स्तर को पार करके नया इतिहास रच दिया। भारतीय समय के अनुसार शाम 6 बजे बिटकॉइन 1,18,033 यानी करीब 1.01 करोड़ रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। बताया जा रहा है कि अमेरिका में बिटकॉइन ईटीएफ में हुए रिकॉर्ड इन्वेस्टमेंट और दुनिया के कई बड़े संस्थागत निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी की वजह से इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में अचानक इतनी तेजी आई है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि बिटकॉइन ने 1,18,000 डॉलर के स्तर को पार करके ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया है। उनका मानना है कि अगर बाजार की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ तो बिटकॉइन जल्दी ही 1,25,000 डॉलर के स्तर तक भी पहुंच सकता है। इस क्रिप्टोकरंसी ने अप्रैल के महीने में ही कंसोलिडेशन का सामना किया था, लेकिन अब इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स की खरीदारी और क्रिप्टो मार्केट में बने बुलिश सेंटीमेंट की वजह से बिटकॉइन ने जबरदस्त तेजी दिखाई है। इस साल जनवरी में 1 लाख डॉलर का आंकड़ा छूने के बाद अप्रैल के महीने में बिटकॉइन 75,000 डॉलर के स्तर तक गिर गया था। इस गिरावट के बाद क्रिप्टो मार्केट में एक बार फिर तेजी का रुख बना शुरू हुआ, जिसकी वजह से इस क्रिप्टोकरंसी ने एक बार फिर 1 लाख डॉलर के स्तर को पार करने में सफलता हासिल कर ली। बिटकॉइन की तेजी की वजह से इसके मार्केट कैप ने ताइवानी और ऑस्ट्रेलियन डॉलर को भी पीछे छोड़ दिया है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि बिटकॉइन की टोटल होल्डिंग का 74 प्रतिशत हिस्सा फिलहाल लॉन्ग टर्म होल्डर्स (निवेशकों) के पास है, जो अभी तक का सर्वोच्च स्तर है।

# कुमार मंगलम बिड़ला यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में हुए शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। वह निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे।



अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच की तरफ से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया है कि आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला उसके निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति में शामिल हो गए हैं। कुमार मंगलम बिड़ला निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे। यूएसआईएसपीएफ ने अपने बयान में कहा कि आदित्य बिड़ला समूह अमेरिका में सबसे बड़ा भारतीय ग्रीनफील्ड निवेशक है, जिसका निवेश 15 अरब यूएस डॉलर से अधिक है। ये समूह धातु, कार्बन ब्लैक और रसायन जैसे क्षेत्रों में 15 राज्यों में कार्यरत है। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, यूएसआईएसपीएफ की कार्यकारी समिति में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बहुत कम समय में यूएसआईएसपीएफ अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को आकार देने और मज़बूत करने में एक मज़बूत शक्ति बन गया है। दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को बढ़ावा देने में इसके योगदान ने एक सार्थक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, अमेरिका-भारत साझेदारी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक है।


# व्यापारियों को इस वर्ष राखी पर 17 हजार करोड़ के व्यापार की उम्मीद : कैट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इस वर्ष 9 अगस्त को भारत की अनुपम संस्कृति एवं सभ्यता का प्रतीक भाई-बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन देशभर में मनाया जाएगा। इस बार राखी का त्यौहार विशेष है, क्योंकि इसी दिन भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ भी है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों से आग्रह किया है कि वो इस बार राखी त्यौहार को राष्ट्रभक्ति राखी उत्सव के तौर पर मनाएं। कैट की ओर से जारी एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष राखी पर देशभर में करीब 17 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है।

चांदनी चौक से सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एक ओर जहां यह दिन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक होगा, वहीं दूसरी ओर देशभक्ति की भावना को भी जीवंत करेगा। इस अनूठे संयोग को देखते हुए देशभर के व्यापारी वर्ग ने बड़े पैमाने पर राखी

**इस वर्ष 9 अगस्त को राखी और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की तिथि का संगम**



के त्यौहार पर राखी की बिक्री के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की तीनों सेनाओं के शौर्य और वीरता को सम्मान देने के लिए कैट की पहल पर देशभर से महिला उद्यमी तीनों सेनाओं के सैनिकों को राखियां भेजकर इस बात का एहसास कराएंगी कि सारा देश उनके साथ है। कैट इस संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर सैनिकों के लिए उनको राखियों की एक खेप भी सौंपेगा।

खंडेलवाल ने कहा कि कैट को इस वर्ष राखी त्यौहार के मौके पर लगभग 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं, मिठाइयां एवं ड्राई फ्रूट, गिफ्ट पैक, हैम्पर्स, सजावट सामग्री, परिधान, सौंदर्य प्रसाधन, पूजा सामग्री और पैकेजिंग आदि का भी करीब 4 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान है। कैट ने देशभर के व्यापार मंडल, स्थानीय बाजार संघ और ट्रेड एसोसिएशन को इस बार राखी को 'राष्ट्रभक्ति राखी महोत्सव' के रूप में भी मनाने का आवाहन किया है।

कैट की वेद एवं धार्मिक कमेटी के चेयरमैन तथा प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य श्री दुर्गेश तारे ने बताया कि रक्षा बंधन का पर्व भद्रा रहित व अपराह्न काल में मनाने का शास्त्रीय विधान है। इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त को रक्षा बंधन का पर्व प्रातःकाल से दोपहर 1.38 मिनट तक ही मनाना उत्तम रहेगा क्योंकि यह समय भद्रा से मुक्त एवं श्रवण नक्षत्र से युक्त है।

## संक्षिप्त समाचार


### अलुआबाड़ी-ठाकुरगंज रेलखंड के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर बंगाल और बिहार को जोड़ने वाले अलुआबाड़ी-ठाकुरगंज रेलखंड के दोहरीकरण परियोजना को रेल मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। लगभग 342.7 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 19.95 किमी लंबे इस मार्ग पर आगामी तीन वर्षों में पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य रेल यातायात की क्षमता बढ़ाना और सीमावर्ती व रणनीतिक क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाना है। रेल मंत्रालय की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक यह रेलखंड उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) और किशनगंज (बिहार) जिलों से होकर गुजरेगा। दोहरीकरण परियोजना के तहत कुल चार स्टेशन अलुआबाड़ी रोड जंक्शन, पोठिया, तैयबपुर और ठाकुरगंज जंक्शन को शामिल किया गया है। इसमें 9 बड़े और 6 छोटे पुल, 8 अंडरपास, 25 टन लोडिंग मानक, 1×25 केवी विद्युतीकरण तथा 130 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति सीमा तय की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक 'कवच' सिग्नलिंग प्रणाली भी लगाई जाएगी। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत के लिए सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में रक्षा बलों और आपूर्ति तंत्र की तेज आवाजाही को यह नया रेल मार्ग सुनिश्चित करेगा। साथ ही, यह मार्ग दार्जिलिंग जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर और निर्बाध पहुंच भी प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### मणिपुर : विकास परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर राज्य की प्रगति, चुनौतियां और चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। शुक्रवार को हुई केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअली बैठक में की समीक्षा इस बैठक में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में पोलो पर्यटन सर्किट का विकास, विश्वविख्यात लोकतक झील के संवर्धन, पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा और बुनकर समुदाय के लिए समर्थन जैसे प्राथमिक मुद्दों पर चर्चा हुई। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने हालिया उभरता पूर्वोत्तर निवेशक सम्मेलन से उत्पन्न निवेश अवसरों की समीक्षा की और उनके प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में मणिपुर के राज्यपाल भल्ला ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय की परियोजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। राजभवन की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान भविष्य की रणनीतियों और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान भी की गई। बयान के अनुसार, लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना, निवेश को आकर्षित करना, ग्रामीण विकास को गति देना, प्राथमिक परियोजनाओं की निगरानी और डोनर व पूर्वोत्तर परिषद के तहत लंबित योजनाओं को पूरा करना बैठक के अहम एजेंडे में शामिल रहे। बैठक में मणिपुर के मुख्य सचिव पी सिंह ने राज्य की प्रगति, चुनौतियां और चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

# बाढ़ से तबाही: हिम ताल का तटबंध टूटने की सूचना चीन ने नहीं दी



**काठमांडू ■ एजेंसी**

चीन प्रशासित तिब्बत क्षेत्र में हिम ताल का तटबंध टूटने के कारण नेपाल के रसुवागढ़ी में आई बाढ़ से जनधन की व्यापक क्षति हुई है। चीन प्रशासन ने इस बारे में कोई भी पूर्व सूचना नेपाल सरकार को नहीं दी। अगर इसकी सूचना समय पर मिल जाती तो तबाही को कुछ हद तक रोका जा सकता था।

राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रमुख दिनेश भट्ट ने कहा कि चीन के तिब्बत में हिमनद के तटबंध टूटने और बाढ़ की पूर्व सूचना नहीं दिए जाने के कारण नेपाल को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। भट्ट का दावा है कि सीमावर्ती क्षेत्र के जिलों में मानसून को लेकर सतर्क रहने की औपचारिक सूचना तो दी गई लेकिन इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ आने की कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई। रसुवागढ़ी जिला प्रशासन ने भी गृह मंत्रालय को अवगत कराया है कि चीन ने इस बारे में कोई भी पूर्व सूचना नहीं दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रामचंद तिवारी ने कहा कि यदि पूर्व सूचना मिल जाती तो जनधन की भारी नुकसान से बचाया जा सकता था। उल्लेखनीय है कि सोमवार को आई विनाशकारी बाढ़ में बहे नौ लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। 19 लोगों अभी भी लापता हैं। बाढ़ में 24 मालवाहक कंटेनर, 35 इलेक्ट्रिक व्हीकल, 6 छोटे ट्रक बह गए हैं।

कुछ समय इंडिपेंडेंट रहना चाहती हू

# पूर्व कोच संग टेनिस प्लेयर राधिका की चैट्स आई सामने, जांच जारी

**चेन्नई ■ एजेंसी**






नई दिल्ली। गुरुग्राम में स्टेट लेवल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के बाद जांच तेज हो गई है। राधिका मर्डर केस में पुलिस आरोपी पिता दीपक से पूछताछ कर रही है। आरोपी दीपक ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह पिछले 15 दिनों से सोया नहीं था। घर में बेचैन घूमता रहता था। घर में किसी से बात तक नहीं करता था। पूछताछ में सामने आई जानकारी के मुताबिक, राधिा अपने पिता दीपक की काउंसलिंग भी करती थी। कुछ समय पहले दीपक के दबाव के चलते राधिका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स बी डिलीट कर दिए थे। दीपक बार-बार राधिका को एकेडमी बंद करने को भी बोलता था।

जानकारी के मुताबिक, दीपक लोगों के ताने से परेसान था। राधिका ने कई बार दीपक को उसपर भरोसा करने के लिए बोला। दरअसल दीपक लोगों की कही जा रही बातों से परेशान था। लोग दीपक को बेटी की कमाई के नाम पर ताने देते थे। दीपक ने कई बार राधिका को एकेडमी बंद करने को कहा। राधिका ने अपने पिता को समझाने की कई बार कोशिश भी की। राधिका अपने पिता दीपक को कहती थी कि उसके ऊपर ढाई करोड़ खर्च किए है। उन पैसों को बर्बाद नहीं होने दूंगी। अपनी प्रतिभा से बच्चों को टेनिस के लिए ट्रेन करूंगी। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने रेवाड़ी के पास से जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

इस बीच राधिका के पूर्व कोच के साथ राधिका की चैट्स सामने आई है। इस चैट में राधिका कह रही है कि यहां काफी पाबंदियां हैं। वह कुछ टाइम एंजॉय करना चाहती है और अकेले स्वतंत्र रूप से रहना चाहती है। इसके साथ ही चैट से ये भी पता चल रहा है कि राधिका विदेश भी जाना चाहती थी। राधिका दुबई या ऑस्ट्रेलिया जाने की प्लानिंग भी कर रही थी। राधिका का जो चैट सामने आया है, उसमें राधिका कहती है कि चीन में खाने की बहुत दिक्कत है। फिलहाल पुलिस इस चैट की भी जांच कर रही है।

उदयपुर फाइल्स पर कन्हैयालाल के बेटे यश ने कहा

# 3 साल बाद भी नहीं मिला न्याय, फिल्म पर 3 दिन में लग गई रोक

**उदयपुर ■ एजेंसी**



राजस्थान के उदयपुर में तीन साल पहले हुई टेलर कन्हैयालाल हत्याकांड पर हाल ही में बनी फिल्म उदयपुर फाइल्स पर दिल्ली उच्च न्यायालय की रोक के बाद तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कन्हैयालाल के बेटे यश के साथ ही विश्व हिन्दू परिषद ने अदालत के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है।

कन्हैयालाल के बेटे यश ने कहा कि फिल्म के खिलाफ जो याचिका लगी है, वह शायद तीन या चार दिन पहले लगी थी। लेकिन एक याचिका जो मैंने पिताजी के घटना के समय आज से करीब तीन साल पहले लगाई थी, उस केस का कोई निष्कर्ष नहीं निकला। आज तक वह केस जैसे का तैसा ही है। उस केस में डेढ़ सौ से अधिक गवाह थे। उसमें शायद 15 या 16 की पेशियां भी नहीं हुई। न उसमें फास्ट ट्रैक लगा। उसमें सीबीआई को एनआईए का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। केस वहीं पर चल रहा है। वहां रोजाना सुनवाई भी नहीं होती है। मेरी उसमें बराबर पेशी हो रही है। वहीं सबूत वगैरह सब कुछ होने के बावजूद तीन साल से इस केस में किसी भी अपराधी को सजा नहीं मिली।

यश ने कहा कि जब कोई फिल्म के जरिए देश को हकीकत दिखाना चाहता है, तो इसके लिए पूरा संगठन खड़ा हो जाता है। जमात-ए-हिंद, मौलाना मदनी आ जाते हैं कि नहीं, इस फिल्म पर रोक लगनी चाहिए। और सिर्फ तीन दिन के अंदर हमें पता चल रहा है कि फिल्म पर रोक भी लग गई। यह योजना कितनी तेज है! वहीं जब किसी केस में अपराधियों को सजा देनी होती है, तो वह नहीं हो रही है। यह गंभीरता से सोचने वाली बात है। उसने कहा कि हमारे देश में जो चीज हो रही है, वह नहीं होनी चाहिए थी। उस समय मेरे पिताजी को किस तरह से मार दिया गया। उसके बाद उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला। इसके बाद एक फिल्म आ रही है जो पूरे देश को दिखाने के लिए कि किस तरह से, किस सोच के ज़रिए, आतंकवादी विचारधारा के तहत पाकिस्तानियों से जुड़ाव के साथ मेरे पिताजी को मार दिया गया था। इस फिल्म में भी वही सब कुछ दिखाया गया है कि किस तरह से आतंकवादियों ने साजिश करके मेरे पिताजी को मारा। इसी के विरोध में एक संगठन खड़ा हो जाता है।

# पंजाब विधानसभा में विधेयक पारित फिर भी होगी बैलों की दौड



**चंडीगढ़ ■ एजेंसी**

पंजाब में लंबे समय के बाद फिर बैलों की दौड़ का आयोजन होने का रास्ता साफ हो गया। शुक्रवार को पंजाब विधानसभा में पशुओं के प्रति क्रूरता रोकथाम (पंजाब संशोधन) विधेयक 2025 सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सदन में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ग्रामीण खेलों को राज्य की संस्कृति का अभिन्न बताया।

विधानसभा में आज इस विधेयक पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री मान ने कहा कि ग्रामीण खेल राज्य की शानदार संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण खेलों, विशेष रूप से बैलगाड़ी दौड़ और अन्य खेलों को बढ़ावा देना है, जो राज्य के कोने-कोने में आयोजित किए जाते थे। भगवंत मान ने कहा कि पशुधन राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग रहा है और पंजाबी किसान सदियों से पशुओं को अपने बच्चों की तरह पालते आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबियों ने हमेशा बैलगाड़ी जैसे खेलों को शुरू से ही पसंद किया है और किला रायपुर की इस दौड़ों की विश्वभर में चर्चा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आने वाले समय में पशुओं को नुकसान पहुंचाए बिना पूरे पंजाब में ऐसे खेलों को और अधिक प्रोत्साहित करने में सहायक होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पशुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और उनके प्रति किसी भी प्रकार की क्रूरता की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य खेलों में भाग लेने वाले पशुओं के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना है, जिसमें पशुओं की पशु चिकित्सा निगरानी, सुरक्षा मानक, पंजीकरण, दस्तावेज़ और उल्लंघनों के लिए सजा शामिल है।

### बांग्लादेश : अपदस्थ पीएम हसीना के करीबी अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के एक और करीबी पर अंतरिम सरकार ने शिकंजा कसा है। देश के प्रमुख अर्थशास्त्री और जनता बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अबुल बरकत को गुरुवार देरशत ढाका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी एनॉनटेक्स समूह से जुड़े 297 करोड़ टका के गबन के आरोप में की गई है। खबर के अनुसार, संयुक्त आयुक्त नसीरुल इस्लाम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ढाका मेट्रोपॉलिटन डिटेक्टिव ब्रांच ने गुरुवार रात करीब 11:30 बजे धनमंडी-2 से बरकत को हिरासत में लिया। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 20 फरवरी को बरकत और 22 अन्य लोगों के खिलाफ एनॉनटेक्स समूह के अंतर्गत 22 संस्थाओं को कथित रूप से अवैध ऋण देने का मामला दर्ज किया था। आरोप लगाया गया है कि बरकत ने बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान और अन्य लोगों के साथ मिलकर धनराशि वितरित करने के लिए जाली दस्तावेजों में मिलीभगत की। आयोग का दावा है कि इससे सार्वजनिक कोष को भारी नुकसान हुआ।

# हरेला पर्व पर उत्तराखंड बनाएगा पौधरोपण का नया रिकॉर्ड

**देहरादून ■ एजेंसी**

उत्तराखंड में इस बार हरेला पर्व पर 16 जुलाई को पांच लाख से अधिक पौधे रोपकर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। गढ़वाल मंडल में तीन लाख और कुमाऊं मंडल में दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस अभियान की थीम हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ और एक पेड़-मां के नाम रखी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्रकृति के बेहद करीब है। ऐसे में यह हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण का संरक्षण करें। पूरे माह इस पर्व के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस पौधरोपण अभियान की सफलता में ग्रामीणों से लेकर स्कूली छात्र और विभिन्न विभागों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुंधाशु की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1,**
**राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.,ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है:-

| स. क्र | टेन्डर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_CPA_435821_1 | 74/SAC dt. 08.07.25 | डी.पी.एस. स्कूल से डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी विश्वविद्यालय होते हुए निर्मला देवी गेट तक सी.सी.रोड का निर्माण कार्य (1.750 किमी) | Rs. 337.08 | Rs. 3,37,080.00 | Rs. 15,000/- | 25.07.25 |
| 2 | 2025_CPA_435822_1 | 75/SAC dt. 08.07.25 | डी.आर.एस. मुख्य मार्ग से आधारशिला कालोनी के समक्ष पिरामिड टाऊन प्रताप नगर से हॉलीवाडा बरखेड़ा पठानी से बीडीए कालोनी से बायपास रोड तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (2.00 कि.मी. | Rs. 335.88 | Rs. 3,35,880.00 | Rs. 15,000/- | 25.07.25 |
| 3 | 2025_CPA_435824_1 | 76/SAC dt. 08.07.25 | महात्मा गांधी चौराहा से न्यू फोर्ट शिव मंदिर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (2.60 किमी.) | Rs. 308.99 | Rs. 3,08,990.00 | Rs. 15,000/- | 25.07.25 |
| 4 | 2025_CPA_435825_1 | 77/SAC dt. 08.07.25 | कोलार मुख्य मार्ग 6 लेन (लोटस हॉस्पिटल) से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज (केन्फर्ट स्कूल से राजीव गांधी कालेज सलैया व्रिज) सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (1.10 किमी.) | Rs. 177.61 | Rs. 1,77,610.00 | Rs. 12,500/- | 25.07.25 |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.07.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक-1,**
**राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.,**
**ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382**

**G-15471/25**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Water Work Department**
**Municipal. Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal**
**Office Telephone No. 0755-2701663, 2701669**

**NOTICE INVITING e-TENDER**
**First-Call**

Online Tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya pradesh (Central Registration Cell). The tender document can be obtained online on the information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be be issued separately in news papers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | Tender ID. | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2025 _UDA_ 435596_1 | Outsourcing of Manpower required for annual operation and maintenance of water supply for Aksh Ganga Colony ward No. 51 Under Zone 06, Bhopal | 436500.00 | 8730.00 | 22.07.2025 06:00 PM |

**Executive Engineer**
**Water Works Department**
**Municipal Corporation, Bhopal**

**T.N. 1919/025/026**


# यह दवा अमूल्य है

## खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये हैं।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन की चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।

**दैनिक अमृत दर्शन**

6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436

# 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में मानसून ने अपनी पूरी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। आज राजधानी भोपाल में सावन के दूसरे दिन भी सुबह से ही रुक रुक कर बारिश शुरू हो गई है। जिससे मौसम मौसम विज्ञान विभाग ने आज, 12 जुलाई को प्रदेश के 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट खासकर पूर्वी और मध्य मध्य प्रदेश के लिए है, जहां बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, गंगीय पश्चिम बंगाल से शुरू हुआ निम्न दबाव का क्षेत्र अब झारखंड और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है, जिसके प्रभाव से मध्य प्रदेश में 11 से 14 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ इलाकों में 8 इंच तक बारिश हो सकती है, जिससे नदी-नाले उफान पर आ सकते हैं और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। आज के लिए जिन 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, उनमें जबलपुर, रीवा, सागर, सतना, पन्ना, दमोह, विदिशा, रायसेन, सिवनी, मंडला, बालाघाट, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, उमरिया, शहडोल, सिंगरौली, और डिंडोरी शामिल है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बादल गर्जना और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण मंडला, नरसिंहपुर, और जबलपुर जैसे जिलों में पहले ही बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। नर्मदा नदी के तटीय इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है, और कई जगहों पर पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने लोगों को नदियों और निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। मध्य प्रदेश में मानसून इस बार सामान्य से 74% अधिक बारिश ला चुका है, जिससे खेती के लिए फायदा होने की उम्मीद है, लेकिन बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे सतर्क रहें और मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें।

*मुस्लिम युवक हिंदू युवती के साथ बैठा था पार्क में*

# राजधानी में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मामूली विवाद पर हिंदू युवक को मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। मुस्लिम युवक हिंदू युवती के साथ पार्क में बैठा था। अंबेडकर पार्क में फैजान बैग ने प्रेमिका के साथ मिलकर तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल है।

### छुरी निकाल कर हमला कर दिया





दरअसल घटना गुरुवार को भोपाल अंबेडकर पार्क की है जहां श्याम मोरे अपने दो साथियों के साथ पार्क में पहुंचा था। वहीं आरोपी फैजान बैग अपनी प्रेमिका के साथ बैठा था तभी कहासुनी हो गई। फैजान बेग और उसकी प्रेमिका ने तीनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से घायल श्याम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अन्य दो युवक राहुल और अजय गंभीर रूप से घायल है। घायलों का कहना है कि वे पार्क में घूम रहे थे।

आरोपी फैजान अपनी प्रेमिका के साथ गले में हाथ डालकर बैठा था तभी कहासुनी हुई तो फैजान की प्रेमिका ने श्याम को थप्पड़ मार दिया उसके बाद आरोपी फैजान ने छुरी निकाल कर हमला कर दिया।

### फैजान की प्रेमिका पर भी हमला को लेकर आरोप

गोविंदपुर थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर का कहना है आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया है। फैजान की प्रेमिका पर भी हमला करने को लेकर आरोप लगे है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपी फैजान की प्रेमिका पर भी मामला दर्ज किया जा सकता है। आरोपी फैजान और युवती फैमिली फ्रेंड और एक दूसरे के घर पर आना जाना भी है।

### भोपाल के लोगों को गुना में भर्ती बताकर रुपए निकाले

**भोपाल।** गुना जिले के मधुसूदनगढ़ में भोपाल सिटी हॉस्पिटल नाम से संचालित एक प्राइवेट अस्पताल पर मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष से करीब 48 लाख रुपए निकालने का आरोप है। दावा है कि मरीजों को भर्ती किए बिना ही उनके नाम पर फर्जी एस्टीमेट बनाकर फंड से भुगतान ले लिया गया। भोपाल, राजगढ़ और रायसेन जैसे जिलों के मरीजों का इलाज दिखाकर यह रकम निकाली गई।

## टीटी नगर थाना क्षेत्र में सिक्योरिटी गार्ड ने गोली मारकर आत्महत्या

भोपाल ■ अमृत दर्शन



टी.टी.नगर थाना क्षेत्र सिक्यूर्टी गार्ड ने खुद की लायसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्म हत्या कर ली। थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना बीती रात चक्की चौराहे की है मृतक की पहचान बालचंद सो दिया के के रुप में हुई है वह एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षा गार्ड का नौकरी करता था। थाना प्रभारी ने कहा की वह शराब पीने का आदि था कल शाम 4 बजे से वह शराब पी रहा था। गार्ड द्वारा बंदूक से गोली मारकर आत्म की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची जहां लाश बरामद कर मर्ग कायम किया।

**कॉलेज स्टूडेंट्स से गैंगरेप**

## छठा आरोपी की जमानत याचिका खारिज, सभी सलाखों के पीछे

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के टीआईटी कॉलेज में स्टूडेंट्स से गैंगरेप मामले के छठे आरोपी की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। 20 जून को आरोपी अबरार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। न्यायाधीश नीलू राजीव श्रृंगीऋषि ने फैसला सुनाया है। गैंगरेप के सभी आरोपी अब जेल के सलाखों के पीछे है।

### यह था मामला

दरअसल, राजधानी भोपाल में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया था। आरोपियों ने धर्म देखकर रेप की वारदात को अंजाम दिया था। धर्म देखकर दोस्ती की फिर तीन युवतियों से रेप किया गया। फरहान खान, साहिल खान और अली खान ने पहले नाम बदलकर दोस्ती की थी।

### नशा देकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो बनाए

राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, रेप, ब्लैकमेलिंग ही नहीं, जबरन धर्म परिवर्तन की दबाव भी बनाया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपियों ने छात्राओं को महंगे गिफ्ट देर फंसाया। पीड़िताओं को नशा देकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो बनाए गए। इन वीडियो का इस्तेमाल कर उन्हें डराया गया और दूसरी लड़कियों को फंसाया गया। आयोग ने यह भी पाया कि आरोपी आर्थिक रूप से साधारण परिवारों से थे। आरोपियों की भव्य जीवनशैली ड्रग या अपराध के नेटवर्क से जुड़ाव की ओर इशारा करता है।

## मप्र टूरिज्म बोर्ड को मिला नेशनल अवॉर्ड

***सीएम डॉ मोहन बोले- नई पर्यटन नीति को राष्ट्रीय मंच पर मिली मान्यता, बोर्ड की टीम को दी शुभकामनाएं***




भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नेशनल अवॉर्ड मिला है। नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मुख्यनंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई दी है। Responsible Tourism Mission" को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है।

दरअसल मुंबई में हुए समारोह में मप्र को "Most Effective & Transformational Initiative" अवॉर्ड मिला है। सीएम डॉ. यादव ने कहा- यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मप्र की नई पर्यटन नीति को राष्ट्रीय मंच पर बड़ी मान्यता मिली है।पर्यटन को रोजगार, संस्कृति और विकास से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

मप्र का पर्यटन मॉडल देश के लिए प्रेरणा बना है। स्थानीय भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। "Responsible Tourism" से जुड़ी परियोजनाओं का प्रभाव देश में दिखा है। मुख्यमंत्री ने टूरिज्म बोर्ड की टीम सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी है।

### जस्टिस बनकर बुजुर्ग को प्रताड़ित करने वाला गुरुग्राम से गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल की हबीबगंज पुलिस ने स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का जस्टिस बताकर एक बुजुर्ग को परेशान करने वाले आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपी पीड़ित की बेटी से दोस्ती करना चाहता था। थाना प्रभारी संजीव चौकसे के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। आरोपी उमंग ने बताया- वह और बुजुर्ग की बेटी अलीगढ़ के एम्बिशन्स फ्लाइंग क्लब में साथ पढ़े हैं। वह युवती से दोस्ती करना चाहता था, लेकिन युवती ने साफ मना कर दिया।

**भोपाल में सिविल कांट्रेक्टर की हत्या का मामला**

## करीबियों की मिली भगत से हत्या की आशंका, संदेहियों से पूछताछ जारी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के सूखी सेवनिया इलाके में 6 दिन पहले कार में बंद सिविल इंजीनियर की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। हालांकि आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस की दो टीमें केस की जांच में जुटी हैं।

एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और रोड मैप तैयार कर रही है। वहीं दूसरी टीम तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मृतक के करीबियों से पूछताछ कर रही है। मामले में पुलिस अवैध संबंधों के एंगल पर भी जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द पूरे मामले का खुलासा करेगी। जानकारी के मुताबिक 6 जुलाई की शाम को सूचना मिलने पर पुलिस पिपलिया जाहिर पीर के करीब बीजासेन फार्म हाउस के पास पहुंची और एक युवक की लगभग तीन दिन पुरानी लाश बरामद की। लाश कार की ड्राइविंग सीट पर पड़ी थी और फूल चुकी थी। इस कारण मृतक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई नहीं दे रहे थे।

पुलिस ने मृतक की पहचान संत आशाराम नगर बागसेवनिया निवासी कपिल शर्मा पुत्र भूपेन्द्र शर्मा (46) के रूप में की थी। कपिल शर्मा सिविल इंजीनियर था और प्रापर्टी डीलिंग का काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। जहां से बुधवार को पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिली। पीएम रिपोर्ट से पता चला है कि मृतक कपिल की किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। इसके बाद उसे सुनसान स्थान पर कार में छोड़ दिया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

पुलिस को मामले की जांच के दौरान पता चला है कि कपिल शर्मा गत 3 जुलाई को अपने घर से काम के सिलसिले में निकला था। रात दस बजे तक कपिल शर्मा ने अपने दोस्त दीपक कुशवाहा के साथ पार्टी भी की थी। इसके बाद दोस्त दीपक अपने घर चला गया था।

जब वह लापता हुआ था तब उसकी दूसरी पत्नी रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ मायके में थी। वह मायके से लौटकर आई तो पति उसे घर पर नहीं मिला। कई बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं हुआ।

**भोपाल में मानव तस्करी का पर्दाफाश**

## गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार 2.75 लाख में किया था युवती का सौदा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

हबीबगंज पुलिस ने मानव तस्करी से जुड़े एक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप जैन उर्फ पंडित और दुर्गा बाई के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों ने एक युवती को आरोन ले जाकर उसका सौदा कराया था। सौदे के बदले दोनों को 10-10 हजार रुपए की राशि दी गई थी।

थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि दुर्गा बाई पहले भी इस तरह के मामलों में शामिल रही है। उसने दो से अधिक शादियां की हैं और वह अन्य मानव तस्कर गिरोहों के संपर्क में भी रही है। पुलिस अब इन पुराने मामलों की भी जांच कर रही है।

### *बैंक खाते और कॉल डिटेल की जांच*

*पुलिस सभी आरोपियों के मोबाइल कॉल डिटेल और बैंक खातों की जांच कर रही है। जांच में अब तक 8 से अधिक लोगों की भूमिका सामने आई है, जिनकी पुष्टि की जा रही है।*

### ऐसे बुलाया भोपाल

मां से विवाद के बाद पीड़िता झालावाड़ में रहने वाली सहेली के घर गई थी। इसी दौरान दुर्गा बाई ने उससे संपर्क कर कहा कि परिजन ने शिकायत की है और पुलिस उसे ढूंढ़ रही है। दुर्गा ने खुद को पुलिस से जान-पहचान वाला बताकर उसे भोपाल बुलाया और यहां पहुंचते ही उसे शादी के बहाने आरोन ले जाकर 2.75 लाख रुपए में सौदा कर दिया।

पुलिस इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, कुसुम विश्वकर्मा, नरेंद्र कुमार, दुर्गा बाई और प्रदीप जैन। इसके अलावा गिरोह के अन्य फरार सदस्य सुनील और रोशनी की तलाश की जा रही है।






## दो दिवसीय कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलन आयोजन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलन, भोपाल में 12 और 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल और कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय विकसित भारत को विश्व गुरु बनाने में ज्योतिष की भूमिका है। सम्मेलन में देशभर से 250 से अधिक ज्योतिषाचार्य, विद्वान, और संत-महात्मा भाग लेंगे। सम्मेलन में ज्योतिष के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिसमें भविष्य कहनेवाला ज्योतिष, उपचारात्मक उपाय, और वास्तु शास्त्र शामिल हैं। इसके अलावा, ज्योतिष की विलुप्त विद्याओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जाएगा।

सम्मेलन में ज्योतिषियों द्वारा शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे, और काव्य ज्योतिष सत्र में ज्योतिष कविताओं के माध्यम से विलुप्त विद्या को जीवंत किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य ज्योतिषीय विज्ञान की गहरी समझ को बढ़ावा देना और व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण पर उनके सकारात्मक प्रभाव को बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन नेहरू नगर स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व विधायक पीसी शर्मा भी उपस्थित थे।

**लगातार सुरक्षा उल्लंघनों के बाद रेलवे ने उठाया सख्त कदम, दोनों अवैध एंट्री पर की बैरिकेडिंग**

## अब प्लेटफॉर्म पर नहीं हो सकेगी वाहनों की एंट्री, रास्ता हुआ बंद

*भोपाल ■ अमृत दर्शन*

*रेलवे स्टेशन पर लगातार हो रहे सुरक्षा उल्लंघनों और प्लेटफॉर्म पर वाहनों के प्रवेश को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन ने अब सख्ती दिखा दी है। स्टेशन के दोनों प्रमुख प्रवेश पूरी तरह सील कर दिया गया है। प्लेटफॉर्म-1 स्थित गार्ड लॉबी के पास बने वीआईपी गेट को बंद कर बैरिकेडिंग कर दी गई है, जबकि प्लेटफॉर्म-6 पर इटारसी एंड की ओर से आने वाले रास्ते को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है।*




*रेलवे ने यह कदम लगातार तीसरे दिन सामने आई अवैध वाहन प्रवेश की घटनाओं के बाद उठाया है। आरपीएफ ने न सिर्फ इन दोनों जगहों पर विशेष निगरानी का इंतजाम किया है, बल्कि साफ कर दिया है कि अब कोई भी व्यक्ति चाहे आम नागरिक हो या रेलवे का कर्मचारी प्लेटफॉर्म पर वाहन लेकर नहीं पहुंच सकेगा।*

*मामले की शुरुआत सोमवार रात हुई, जब स्टेशन पर पदस्थ एक गार्ड अपनी कार लेकर वीआईपी एरिया के रास्ते सीधे प्लेटफॉर्म पर पहुंच गया। उसने बीना एंड की ओर स्थित इंजीनियरिंग साइडिंग के पास कार खड़ी कर दी। यह क्षेत्र आम यात्रियों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित है और केवल तकनीकी स्टाफ व वीआईपी मूवमेंट के लिए सुरक्षित है। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया। आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार जब्त कर ली और रेलवे अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया। तीनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके वाहन जब्त किए जा चुके हैं। रेलवे ने अब सभी संभावित रास्तों पर स्थायी बैरिकेड लगाने और आरपीएफ की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। प्लेटफॉर्म नंबर-1 और प्लेटफॉर्म-6 के दोनों छोरों से अब वाहन तो क्या, बिना जांच कोई व्यक्ति भी आसानी से प्रवेश नहीं कर सकेगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वीआईपी रास्ता अब केवल अधिकृत मूवमेंट के लिए ही खुला रहेगा और प्रत्येक मूवमेंट की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। भोपाल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर एक रेलकर्मी वीआईपी एरिये में कार लेकर घुस गया। उसने बीना एंड पर बने वीआईपी रास्ते का इस्तेमाल कर कार सीधे इंजीनियरिंग साइडिंग प्लेटफॉर्म पर पार्क कर दी। मंगलवार को इसका वीडियो सामने आया है।*

**अमृत दर्शन भोपाल**

**तुरंत आवश्यकता**

एक कम्प्यूटर (डीटीपी) ऑपरेटर की जिसे हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग का पूर्ण अनुभव हो। पुरुष /महिला की । अच्छा वेतन।

**तुरंत संपर्क करें**

6, सुखसागर, पत्रकार नगर,
लिंक रोड़ नं. 3, भोपाल
मोबाईल नं.: 9827054436

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।